# 10 अगस्त को बहनों को मिलेगा रक्षाबंधन का उपहार : मुख्यमंत्री

## बहनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार कृत संकल्पित है : डॉ. मोहन यादव



**सिंगरौली।** रक्षाबंधन एवं श्रवण उत्सव के अवसर पर चितरंगी में आयोजित लाड़ली बहनों के लिए अभार सह उपहार कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि बहनों के सशक्तिकरण के लिए सरकार कृत संकल्पित है। प्रदेश की बहनों से जो अपार स्नेह मिला है उसके लिए सदा आभारी रहूंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन का महिना त्यौहारों की सौगात लेकर आता है जिसमें रक्षाबंधन का त्यौहार बहनों का सबसे बड़ा त्योहार है। बहनों के त्योहार में खुशियों का रंग भरने के लिए 10 अगस्त को लाडली बहनों के खाते में 15 सौ रुपये भेजे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए विभिन्न प्रकार के उद्योगो की स्थापना की जा रही है। उद्योग रोजगार आधारित होंगे तथा उनमें बहनों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की उज्जवला योजना से बहनों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में उज्जवला कनेक्शन के हितग्राहियों तथा लाडली बहनों को 450 रूपये में गैस रिफिल की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह सहित बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने स्नेह के साथ जमीन पर बैठकर बहनों से राखी बंधवाई। साथ ही सिंगरौली जिले की सभी लाडली बहनों की ओर से 101 फिट लंबी राखी लाडले भैया डॉ. मोहन यादव को बांधी गई। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि सिंगरौली जिला प्रदेश का दूरस्थ जिला है लेकिन यह विकास के पथ पर सबसे अग्रणी रहेगा। मुख्यमंत्री ने बरगवा में 15 करोड़ रुपये की लागत से 50 बिस्तरीय अस्पताल बनाने की घोषणा की। उन्होंने सीएसआर मद से 50 करोड़ रूपये के लागत से चितरंगी के सभी मझरे टोलो में विद्युतीकरण की घोषणा की। साथ ही सिंगरौली से सप्ताह में तीन दिवस हवाई यात्रा की सुविधा देने की घोषणा की। उन्होने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस की सुविधा मिलेगी। हमारे लिए लोगों की जान बचाना सबसे महत्वपूर्ण है। कलेक्टर एवं चिकित्सकों की अनुशंसा पर आयुष्मान कार्ड धारकों को यह सुविधा नि:शुल्क मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगरौली में माईनिंग महाविद्यालय का शुभारंभ शीघ्र किया जायेगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह ने चितरंगी को नगर पंचायत बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। राज्यमंत्री ने क्षेत्र के विकस के लिए विभिन्न मांगो से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उन सभी मांगों को पूर्ण करने काआश्वसन दिया। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को उत्सव के शुभारंभ के लिए चितरंगी को चुनने पर आभार व्यक्त किया। साथ ही क्षेत्र की जनता को अभूतपूर्व आशिर्वाद के लिए उन्होने अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। इसके पूर्व सभा स्थल पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री जी का लाडली बहनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। साथ ही स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा पराम्परागत नृत्य के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं से भी लाभान्वित किया। उन्होंने प्रीति देवी यादव को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत टेट हाउस परियोजना हेतु लाभान्वित किया।उन्होंने स्व सहायता समूहों को आजीविका की गतिविधि बढ़ाने हेतु 10 करोड़ की राशि प्रदान की। 9 करोड़ तीन लाख की राशि का वितरण मुर्गी पालन करने वाले किसानो के लिए चूजे तैयार करने एवं दाना उत्पादन हेतु मुर्गी हैचरी, पुलेट ब्रिडर एवं फीड फार्म योजना अंतर्गत प्रदान किया। वही जैविक कृषि व्यावसायिक सब्जी उत्पादन, उन्नत पशुपालन तथा डेयरी कार्य एवं खाद उत्पादन निर्माण हेतु 86 लाख की राशि प्रदान की। कार्यक्रम में विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिहावन विधायक विश्वामित्र पाठक, प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, पूर्व विधायक अमर सिंह, पूर्व विधायक रामलल्लू बैस, पूर्व विधायक सुभाष बर्मा, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष गिरीश द्विवेदी जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अर्चना नागेन्द सिंह, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रावेन्द्र सिंह, जनपद अध्यक्ष सियादुलारी, प्रणव पाठक, वरिष्ट समाजसेवी सुन्दर लाल शाह, प्यारे लाल चौबे, राम कुमार दुबे, लालपति साहू आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीआईजी साकेत पाण्डेय, अपर आयुक्त रीवा संभाग अरूण परमार, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, वनमण्डल अधिकारी अखिल बंसल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार बर्मा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम राजेश शुक्ला, सुरेश जाधव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पुलिस चौकी जयंत ने 48 घंटे के अन्दर अपहृत बालक को किया दस्तयाब



**सिंगरौली।** म.प्र. शासन व पुलिस मुख्यालय ने भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओं में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने के लिए आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए हैं। जिसको दृष्टिगत रखते हुये एसपी निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। एसपी के निर्देशों के पालन में एएसपी शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विंध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी जयंत अभिषेक पाण्डेय व पुलिस टीम ने 48 घंटे के अन्दर बालक को किया गया दस्तयाब।

फरियादी निवासी ग्राम बघेरा पोस्ट पुरूषोत्तमपुर थाना अदलहाट जिला मिर्जापुर उ.प्र. हाल.शंकर मार्केट जयंत चौकी जयंत थाना विन्ध्यनगर चौकी जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 जुलाई को तकरीबन 10 बजे मेरा लड़का उम्र 15 वर्ष घर से अपने दोस्त को शासकीय स्कूल जयंत पहुंचाने गया था। जहां दोस्त को पहुंचाकर घर वापस नहीं आया। जिसका पता-तलास, आसपास पड़ोस एवं रिस्तेदारो में किये लेकिन बच्चे का कही पता नहीं चला है। रिपोर्ट पर धारा 137(2)बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान विवेचना चौकी प्रभारी जयंत ने तत्काल अपहृत बालक की तलास के लिए एक टीम गठित की गई। जहां अपहृत बालक की तलास चौकी जयंत कस्बा में की गई। वहीं पता चला कि अपहृत बालक को मिर्जापुर उ.प्र. तरफ जाते देखा गया है। जिस पर तत्काल टीम जिला मिर्जापुर उ.प्र. रवाना किया गया। जिसे रवाना टीम ने अपहृत बालक को आज दिन गुरूवार को जिला मिर्जापुर से दस्तयाब किया गया। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी जयंत उनि अभिषेक पाण्डेय, उनि आरएस सिंह, सउनि श्यामबिहारी द्विवेदी, सतीश दीक्षित, राजवर्धन सिंह, उत्तम सिंह, प्रआर सुनील मिश्रा, विष्णु रावत, सतीश मिश्रा, बीरेन्द्र पटेल, आर महेश पटेल, दीपक यादव की सराहनीय भूमिका रही है।

# मुड़वानी डैम में गिरा कोयले से लदा हाईवा वाहन



**सिंगरौली।** जयंत मोरवा मार्ग के मुड़वानी डैम में एक बेकाबू कोयले से हाईवा वाहन मुड़वानी डैम में गिर गया। जहां चालक एवं परिचालक किसी तरह छलांग लगाकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार कोयले से लोड टेलर वाहन अनियंत्रित होकर गिरा मुड़वानी डैम में गिर गया। जहां कोलवाहन के ड्राइवर और खलासी कूद कर बचाई अपनी जान बचाने में सफल रहे। वही घटना की सूचना मिलते ही जयंत पुलिस ट्रेलर वाहन को निकालने के लिए उपाय करने में जुट गई। लेकिन देर शाम तक वाहन डैम में ही था।

# सुहासिनी संघ ने गौ शाला संवर्धन के लिए सहायता राशि एवं छाता का किया वितरण

सिंगरौली

एनटीपीसी विंध्याचल में संचालित स्वयं सेवी संस्था सुहासिनी संघ अपने जन कल्याण कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदो एवं गरीब परिवारों की विभिन्न तरीके से मदद करती रहती है।

इसी कड़ी में सुहासिनी संघ ने 31 जुलाई को ग्राम बिरकुनिया के श्रीराम गौ शाला में कार्यरत श्रमिकों को बरसात के मौसम को देखते हुये छाता एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जिसे प्राप्त कर मौजूद जनसमुदाय बड़े ही उत्साहित हुये। साथ ही सुहासिनी संघ ने गौ शाला के संवर्धन के लिए 15000 रूपये की राशि का



चेक भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सुहासिनी संघ की अध्यक्ष सरोजा फणि कुमार, वरिष्ठ सदस्या सारिका चतुर्वेदी, महासचिव सुहासिनी संघ शिल्पा कोहली के साथ-साथ सुहासिनी संघ की वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्याएँ मौजूद रही। इसके अतिरिक्त गौ शाला के संरक्षक एवं अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहें। सुहासिनी संघ ने श्रीराम गौ शाला के श्रमिक छाता एवं खाद्य सामग्री पाकर काफी प्रसन्न दिखे। साथ ही श्रीराम गौ शाला के संरक्षक ने एनटीपीसी विंध्याचल सुहासिनी संघ ने किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुये आभार प्रकट किया गया।

# अमलोरी बस्ती के विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री वितरित



**सिंगरौली।** सासन पावर लिमिटेड के सीईओ सचिन मोहापात्रा के मार्गदर्शन में सीएसआर गतिविधियों के अन्तर्गत सासन कोल माइंस क्षेत्र में शिक्षा संवर्धन कार्यक्रम के तहत शैक्षणिक सामाग्री वितरण का विधिवत शुभारम्भ शा.पूर्व.मा. विद्यालय अमलोरी बस्ती में कविता त्रिपाठी सहायक संचालक (शिक्षा), परियोजना के वरि. अधिकारी हेड सिक्योरिटी रवि मिश्रा, हेड एचआर आलोक चतुर्वेदी, अनिल कुमार, योजना अधिकारी अशोक शुक्ला, वार्ड पार्षद रामगोपाल पाल, के कर कमलो ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक फूलचन्द वैस एवं विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया गया । तत्पश्चात अशोक शुक्ला ने शिक्षा विभाग के द्वारा किये जा रहे नवाचार तथा कार्पोरेट सहभागिता के अहम रोल को रेखांकित किया। कविता त्रिपाठी ने अपने उद्बोंधन में बच्चों को कठिन परिश्रम और उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया और कहा माना कि अंधेरा बहुत घना है लेकिन दिया जलाना कहाँ मना है।

# ज्ञापन सौंपने की तैयारी में अतिथि शिक्षकों को पुलिस ने किया तीन घण्टे तक नजर बंद

## अतिथि शिक्षकों ने पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

सिंगरौली

जिले में एक दिवसीय दौरे पर प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव चितरंगी पहुंचे। जहां उन्होंने लाडली बहनों के लिए आभार से उपहार कार्यक्रम में चितरंगी खेल ग्राउंड में सभा को संबोधित किया । लेकिन इस दौरान अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जिले भर के अतिथि शिक्षकों को पुलिस प्रशासन ने 3 घंटे तक थाने में ही नजर बंद करके रखा। पुलिस प्रशासन को डर था की कही अतिथि शिक्षक अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन और नारेबाजी ना करें। हालांकि मुख्यमंत्री के जाते ही चितरंगी थाने में बंद अतिथि शिक्षकों को पुलिस ने छोड़ दिया। थाने में बंद अतिथि शिक्षक थाना परिसर से निकलते ही प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान अतिथि शिक्षकों ने प्रशासन और सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। अतिथि शिक्षकों ने कहा प्रदेश के मुखिया का चितरंगी आने का कार्यक्रम तय हुआ तो उम्मीद जगी की अब हमारी सुनवाई होगी। लेकिन जब मुख्यमंत्री चितरंगी पहुंचे तो हमारे मौलिक अधिकार तक छीन लिए गए। हमें अपने विचार प्रकट करने की स्वतंत्रता का अधिकार को प्रशासन ने खत्म करने का काम किया गया है। चितरंगी एसडीओपी ने हमारे साथ अपराधियों जैसी सलूक किया और हमें 3 घंटे तक उमस भरी गर्मी में थाने में नजर बंद करके रखा। थाने में बंद करने के दौरान अभद्रता करने के साथ-साथ मारपीट की गई। वही ग्रामीण जागेश्वर पाल ने आरोप लगाया कि वह मुख्यमंत्री को सुनने सभा स्थल के लिए जा रहा था। लेकिन उसी समय पुलिस कर्मियों ने अतिथि शिक्षकों को थाने ले जाया जा रहा था। भीड़ में मुझे भी पुलिस कर्मियों ने जबरन थाने ले गए। कई बार पुलिस कर्मियों को बताने का प्रयास किया कि वह अतिथि शिक्षक नहीं है। उसे छोड़ दिया जाए । लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे भी करीब 2 घंटे तक नजर बंद करके रखा।

# एनसीएल आयोजित करेगा सिंगरौली इंडस्ट्री समिट सिस

**सिंगरौली।** सिंगरौली स्थित देश की मिनिरत्न कोयला कंपनी एनसीएल आगामी 3 अगस्त को सिंगरौली स्थित मुख्यालय में सिंगरौली इंडस्ट्री समिट का आयोजन करने जा रही है ।

सिंगरौली इंडस्ट्री समिट परिक्षेत्र के सतत एवं संतुलित विकास की दिशा में एनसीएल की एक नवाचारी पहल है। जिसका मुख्य उद्देश्य सिंगरौली परिक्षेत्र में स्थापित सभी उद्योगों को एक मंच पर लाते हुए सिंगरौली परिक्षेत्र की औद्योगिक क्षमता का राष्ट्रहित एवं स्थानीय हित में व्यापक उपयोग करना है । इस मंच के माध्यम से सिंगरौली



परिक्षेत्र के कोयला, बिजली, कैमिकल, सीमेंट, अलम्युनियम एवं अन्य से जुड़े उद्योग के साथ सरकारी विभागों के संबंधित आला अधिकारियों के साथ ही सतत विकास पर शोधरत विशेषज्ञों के शिरकत करने के आसार हैं । एनसीएल की इस अभिनव पहल से औद्योगिक विकास एवं व्यावसायिक विविधीकरण के साथ सिंगरौली परिक्षेत्र के एकीकृत विकास को बल मिलेगा। सिंगरौली इंडस्ट्री समिट सिस का उद्देश्य सिंगरौली परिक्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और सहयोगात्मक दृष्टिकोण के साथ सिंगरौली क्षेत्र का समग्र विकास करना भी है। इस सम्मेलन में सिंगरौली के औद्योगिक योगदान और भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से मंथन किया जाएगा।

पश्चिम मध्य रेल

खुली निविदा(सिंगल पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा

ई. निविदा क्रमांकः डिप्टी-सी.ई.सी-1-रीवा-07-2024, दिनांकः 12/07/2024 उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण)। पश्चिम मध्य रेल, रीवा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु शुदधिपत्र ई.-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी सी.ई.सी 1 रीवा-7/2024, दिनांक-12/07/2024 के द्वारा आमंत्रित करते है एवं अपलोडिंग टेन्डर दिनांक 12.07.2024 पढ़ा वा समझा जाए। निविदाएँ बन्द होने की तारीख 12/08/2024 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नही तथा हस्त निविदाओ को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाए पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। निविदा क्रमांकः डिप्टी.सी.ई.सी-1/रीवा-07-2024 दिनांक-12/07/2024, कार्य का नाम लोकेशन सहितः रीवा-सीधी नई बड़ी लाइन रेल लाइन परियोजना के संबंध में रीवा में नवनिर्मित स्टाफ क्वार्टरों में शेष कार्यों का निष्पादन।, निविदा का अनुमानित मूल्यः रू. 28013418.64, निविदा फार्म की(कीमत रूपये): रू0.00, बयाना राशि(रूपयें में): 290100.00, कार्य समापन अवधि (माह): 06 माह मानसून सहित, ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः दिनांक 12/08/2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता उपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाईन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

उप-मुख्य इंजीनियर(निर्माण), पमरे, रीवा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# बैढ़न में झमाझम शुरू है रूक-रूककर बारिश


## नगर के तमतमाई नालियां, दुकानों एवं घरों में घुसा पानी, देर शाम फिर शुरू हुई तेज बारिश

सिंगरौली

जिला मुख्यालय बैढ़न व आसपास के गांव में रूक-रूककर दो घण्टे से अधिक समय तक हुई मूसलाधार बारिश में जन-जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। वही तेज बारिश के चलते घरों एवं दुकानों में इस तरह पानी भरने लगा कि दुकानदार से लेकर रहवासी भी परेशान हो गए।

बैढ़न में दो दिन से मौसम ने करवट बदल दिया है। बीते दिवस कल से ही अंचल में बूंदा-बांदी का दौर चल रहा था। आज दिन गुरूवार की अल सुबह से ही रीमझीम सावन की फुहारे बरश रही थी। सुबह 7 बजे के बाद सूर्य देवता के दर्शन भी होने लगे । लेकिन दोपहर बाद जिला मुख्यालय बैढ़न सहित आसपास के इलाके में पहले धीमी बारिश शुरू हुई। इसके बाद करीब एक घण्टे तक मूसलाधार बारिश ने सावन महीना अपना असली रूप दिखा दिया। आलम यह था कि इस घनघोर बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। वही कॉलेज मार्ग, कॉलेज चौक , शांति नगर, विश्वकर्मा मोहल्ला, गनियारी सहित डीएव्ही मार्ग, माजन मोड़ सहित वार्ड क्रमांक







40 के ताली मार्ग के डॉ. रीतू पटेल के घर के पास, वार्ड क्रमांक 41 शांति मोहल्ला समेत बस स्टैंड राजीव कॉम्पलेक्स के दुकानों एवं राजकमल होटल के सामने सुरेन्द्र सिंह पटवारी के मोहल्ले के घरों में इस तरह पानी भरा कि लोगों की मुसीबते बढ़ गई। इस दौरान नगर निगम के नालियां जाम होने से साफ-सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई और लोगबाग नगर निगम को कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहे थे।

पश्चिम मध्य रेल

कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 की उपधारा-4

क्रमांक/607/भू-अर्जन/2024 सीधी, दिनांक 24/07/2024

अधिसूचना

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णनः जिला-सीधी, तहसील-बहरी, ग्राम-कुबरी, निजी भूमि का अर्जित क्षेत्रफल- रकवा 0.0320 हे.

| खसरा नं. | अर्जित रकवा(हे.में) | भूमिस्वामी का नाम |
|---|---|---|
| 250/1 | 0.0230 | रमाकांत पिता मोतीलाल ब्रा. निवासी ग्राम कुबरी तहसील बहरी |
| 314/1/3 | 0.0230 | विद्याकांत पिता मोतीलाल ब्रा. निवासी ग्राम कुबरी तहसील बहरी |
| निजी भूमि का योग- | 0.0320 | |

सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन - ललितपुर-सिंगरौली रेल लाईन के निर्माण हेतु।

1. सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है-रीवा-सीधी-सिंगरौली नई रेल लाइन हेतु
2. भूमि का नक्शा(प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन कार्यालय कलेक्ट्रेट सीधी एवं उपखण्ड अधिकारी सिहावल जिला सीधी के कार्यालय में किया जा सकता है। टीप-उपरोक्त अर्जित भूमियों का रेल विभाग के अधिकारियों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पर संयुक्त निरिक्षण किया गया जो रेलवे एलायमेंट अंतर्गत ही है।

(स्वरोचिष सोमवंशी) कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# सांसद ने लोकसभा में नई रेल परियोजना एवं जमीन अधिग्रहण के बदले उठाई रोजगार की बात

### सदस्यों ने किया मेज थपथपा कर अभिनंदन, सांसद डॉक्टर मिश्रा की पहल सराहनीय : देव कुमार

**सीधी।** बजट सत्र के दौरान अनुपूरक प्रश्न और धन्यवाद प्रस्ताव में हिस्सा लेते हुए सीधी लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने क्षेत्र की महत्वाकांक्षी परियोजना ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन के संदर्भ में विस्तृत चर्चा के साथ ही रेलवे के फेरे और नई रेल परियोजना सीधी जिले को सौगात के रूप में देने की बात कही, जिसका उपस्थित सदस्यों ने मेज थपथपाकर शानदार अभिनंदन किया। रेल मंत्रालय को पर्याप्त बजट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण का धन्यवाद भी ज्ञापित किया।




बजट सत्र के दौरान धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने लोकसभा अध्यक्ष एवं सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यापित करते हुए क्षेत्र की जनता जनार्दन का धन्यवाद किया। सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने सभापति जी के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी से रेल से सम्बंधित विभिन्न मांगे रखी।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने बजट सत्र के दौरान संसद में मांग रखते हुए कहा कि लम्बित ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना जिसका निर्माण कार्य सन 1998 से किया जा रहा, इसे शीघ्र पूर्ण हो, सिंगरौली से संचालित सिंगरौली-नई दिल्ली, नई दिल्ली-सिंगरौली एवं सिंगरौली-भोपाल, भोपाल-सिंगरौली रेल को नियमित करे, सन 1998 में तत्कालीन रेल मंत्री स्व. श्री रामविलास पासवान जी के द्वारा सिंगरौली में डीआरएम ऑफिस का उद्घाटन किया गया था परन्तु आज तक ऑफिस नही खुला, सिंगरौली में पुनः डी आर एम ऑफिस संचालित हो।

### सीधी को मिले एक और रेल परियोजना

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कहा कि सीधी के व्यापक हितों को देखते हुए सीधी जिले को रेलवे की एक और परियोजना प्रयागराज- नागपुर वाया मऊगंज, सीधी, मड़वास, शहडोल, अनूपपुर होते हुए नागपुर के लिए मिले।

### रेलवे भूमि के अधिग्रहण के बदले लोगों को मिले रोजगार

बजट सत्र के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने लोकसभा क्षेत्र की जनता जनार्दन का की मांग भूमि अधिग्रहण के बदले नौकरी मिले, दृढ़ता के साथ रखे हुए कहा कि ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना में जमीन के बदले रोजगार दिये जाने के संदर्भ में जिन युवा साथियों को अब तक रोजगार नही मिला, उन्हें शीघ्र रोजगार दिए जाने की मांग की। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने जमीन के बदले जिन युवाओं को रोजगार मिला है ,उनकी ओर से रेल मंत्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी के नेतृत्व में रेल मंत्रालय निरंतर विकास की नई ऊंचाईयों को स्पर्श कर रहा है। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी सभी मांगो को रेल मंत्री जी शीघ्र पूरी कर सीधी क्षेत्रवासियों को रेल की सौगात देंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा रेलवे के संदर्भ में सीधी जिले की जनता के व्यापक हितों को देखते हुए उठाए गए मुद्दों के लिए का स्वागत करते हुए सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा का आभार व्यापित किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने कहा कि सांसद डॉ राजेश मिश्रा द्वारा रेलवे के संबंध में उठाए गए सभी मुद्दे लोगों की आशा और आकांक्षा के अनुरूप हैं। उनकी पूर्ति होने से सीधी जिले को प्रगति के पंख लगेंगे और हजारों-हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# पेंशन शिविर का आयोजन 05 से 09 अगस्त तक

### कलेक्टर ने 31 जुलाई तक सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण के दिए निर्देश

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि दिनांक 31.07.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लंबित पेंशन प्रकरणों का निराकरण हेतु पेंशन शाखा लिपिक के साथ जिला पेंशन कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया है कि पेंशन शिविर में पेंशन प्रकरण निराकरण नहीं कराये जाने की स्थिति में जिला पेंशन अधिकारी के प्रतिवेदन के अनुसार माह अगस्त 2024 का वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी।

पेंशन शिविर का आयोजन दिनांक 05.08.2024 से 09.08.2024 तक जिला पेंशन कार्यालय सीधी में आयोजित किया गया है। त्रिवेणी दास कोल सहायक पेंशन अधिकारी पेंशन शाखा प्रभारी होंगे तथा जिन कार्यालय प्रमुखों द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय में जमा किया गया है उन्हें भी निर्देशित किया गया है कि पेंशन शिविर में उपस्थित होकर पेंशन प्रकरण निराकरण करायें।

ज्ञात हो कि म.प्र. सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के नियम 49 से लेकर 60 में दिये गये प्रावधानों अनुसार सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों की तैयारी सेवा निवृत्त के दो वर्ष से पूर्व की जाकर छः माह पूर्व कार्यालय प्रमुख द्वारा पेंशन प्रकरण तैयार कर जिला पेंशन कार्यालय को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। पूर्व में जिले में लंबित पेंशन प्रकरणों के संबंध में पेंशन शिविर एवं प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है। किंतु अभी भी जिले में दिनांक 31.07.2024 तक सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों का बिना कारण पेंशन प्रकरण लंबित हैं। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने कार्यालय प्रमुखों को शिविर में उपस्थित होकर 31 जुलाई 2024 तक सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण निराकरण के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्ट्रेट में किया गया राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन



**सीधी।** अगस्त माह के कार्य का आगाज राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के गायन के साथ उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुआ। इस मौके पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सीएमडी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएँ दी

### जुलाई माह में एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए 69 कर्मियों का हुआ अभिनंदन

**सिंगरौली।** एनसीएल से जुलाई माह के अंत में 8 अधिकारियों व 61 कर्मचारियों सहित कुल 69 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से मुख्य प्रबंधक विपणन एवं विक्रय गणपति आर भट्ट एवं पम्प फिटर, सिविल विभाग परन सेवानिवृत्त हुए ।




बुधवार को मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के सीएमडी बी साईराम, निदेशक कार्मिक मनीष कुमार, निदेशक वित्त रजनीश नारायण निदेशक तकनीकी संचालन जितेंद्र मलिक, निदेशक परियोजना एवं योजना सुनील प्रसाद सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन मौजूद रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएमडी बी साईराम ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों ने कंपनी हित में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए एनसीएल को उनके द्वारा दिये गये योगदान को रेखांकित किया । साथ ही सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएँ भी दिया । इस अवसर पर निदेशक कार्मिक मनीष कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के कर्तव्य परायणता, कार्य कुशलता, चुनौतीपूर्ण समय में धैर्य के साथ काम करने के संस्मरण को याद किया ।

## मनोवैज्ञानिक पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया है कि कॅरियर काउन्सिलिंग योजनान्तर्गत मार्गदर्शन हेतु काउन्सलर एवं विषय विशेषज्ञों के गेस्ट पैनल के गठन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जो कि निर्धारित दिनांक तक मनोवैज्ञानिक पद हेतु एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं। अतः मनोवैज्ञानिक पद हेतु साइकोलॉजी में पी.जी. डिग्री एवं डिप्लोमाधारी योग्य आवेदक अपना आवेदन दिनांक 07.08.2024 को सायं 6 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय सीधी में कार्यालयीन समय में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

# खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना अन्तर्गत आयोजित प्रदर्शनों का अवलोकन

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में सीधी जिले के किसानों के यहां वर्ष खरीफ 2024 में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा धान एवं न्यूट्रीसीरियल योजना अन्तर्गत कृषक सुभाष मिश्रा ग्राम मऊ विकासखण्ड रामपुर नैकिन के यहां आयोजित डी.एस.आर. धान प्रदर्शन (किस्म जे.आर. 206), शारदा मिश्रा ग्राम मऊ विकासखण्ड रामपुर नैकिन के यहां आयोजित ज्वार प्रदर्शन का अवलोकन दिनांक 31.07.2024 को संजय कुमार श्रीवास्तव उप संचालक कृषि सीधी, पी.एल. कुशवाहा अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीधी, बंटीलाल तकनीकी सहायक सीधी,




रामकुमार रावत कृषि विस्तार अधिकारी, रामबहोरन कोल कृषि विस्तार अधिकारी, कुमारी विनीता सोलंकी कृषि विस्तार अधिकारी, कुमारी सुनीता सोलंकी एवं कुमारी मेहर बाई मण्डलोई कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा अवलोकन करते हुये मौके पर ज्वार, अरहर, धान की फसल स्वस्थ पाई गई। किसानों को नैनो यूरिया का छिड़काव तथा कैफेटेरिया के घटकों का उपयोग करने की सलाह दी गई एवं जल निकास, पौधसंरक्षण, निदाई गुढ़ाई आदि की जानकारी दी गई।

## बोरवेल में गिरकर मृत बच्ची के घर मिलने पहुंचे जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेतागण



**सिंगरौली।** जिले के चितरंगी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कसर में बीते 29 जुलाई को बोरवेल में गिरकर 3 वर्षी बच्ची सौम्या की मौत से जिले भर में संवेदनशील ऑखें नम हुई हैं। जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में 31 जुलाई को कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने शोक संतृप्त परिवार जनों के बीच उनके निज निवास ग्राम कसर पहुंच कर बच्ची के माता-पिता सहित सभी परिजनों से मुलाकात कर आत्मीय शोक संवेदना व्यक्त की है। मृतक बच्ची के घर अध्यक्ष जिला कांग्रेस के साथ पूर्व विधायक चितरंगी सरस्वती सिंह, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष सदस्य जिला पंचायत अशोक सिंह पैगाम, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव भास्कर मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सरपंच सहुआर वरुण द्विवेदी, गठबंधन सदस्य आप नेता प्रतिमान प्रसाद वैश्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे हैं ।

# जैतपुर अनुभाग क्षेत्र में किया जा रहा राजस्व प्रकरणों का निराकरण

**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले के समस्त विकासखंडों में राजस्व महा अभियान 2.0 चलाकर राजस्व के सभी प्रकरणों का निराकरण मैदानी अमले द्वारा डोर-टू-डोर जाकर, शिविर लगाकर निराकरण किया जा रहा है।



राजस्व अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती अमृता गर्ग ने जानकारी दी है कि आज अनुभाग क्षेत्र जैतपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में ई-केवाईसी, बी-1 का वाचन, नामांतरण, बटंवारा, अभिलेख दुरूस्तीकरण के कार्य किये गए।

गौरतलब है कि राजस्व महा अभियान 31 अगस्त 2024 तक निरंतर जारी रहेगा। साथ ही राजस्व महा अभियान शहडोल जिले के समस्त अनुभाग क्षेत्रों में भी चलाया जा रहा है।

## हाथियों द्वारा की गई क्षति के लिए आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**सीधी।** तहसीलदार कुसमी ने आदेश जारी कर पटवारी हल्का गॉजर राजस्व निरीक्षक मण्डल कुसमी एवं वन परिक्षेत्र टमसार के वीटगार्ड द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर म.प्र. शासन राजस्व विभाग भोपाल दिनांक 01.03.2023 के प्रावधानानुसार आर.बी.सी. 6 (4) के अंतर्गत वन्य प्राणियों (हॉथियों) के द्वारा दिनांक 30.07.2024 को हीरालाल सिंह पिता कंधई सिंह निवासी ग्राम फुलवा तहसील कुसमी, महिपाल सिंह पिता बल्देव सिंह एवं बल्देव सिंह पिता शिवनारायण सिंह निवासी ग्राम गांजर तहसील कुसमी के मकान में आंशिक क्षतिकारित करने तथा कपड़ा बर्तन एवं खाद्यान्न सामग्री की क्षति करने के फलस्वरूप प्रत्येक व्यक्ति के मान से 9-9 हजार रूपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत किया गया पौधारोपण



**शहडोल।** आओ मिलकर पौधे लगाएं इस धरती को हरा-भरा बनाएं शहडोल जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रगति पर है। इसी कड़ी में शहडोल जिले में कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में धरा को समृद्ध बनाने के लिए जिले उत्साह एवं उमंग के साथ पौंधो का रोपण का कार्य किया जा रहा है।

इस अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद से सम्बद्ध नवांकुर संस्थाएं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत, परामर्स दाता, छात्र-छात्राओं द्वारा वृहद स्तर पर पौधारोपण किया जा रहा है एवं उनके सरंक्षण हेतु टी गार्ड भी लगाए जा रहे है। इसी कड़ी में आज ग्राम चितरांव, लपरी, बिछिया, दवरांव सहित अन्य ग्रामों में पौधारोपण किया गया तथा उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

## आयुष विभाग द्वारा डोर टू डोर जाकर मौसमी बीमारियों का किया जा रहा उपचार

**शहडोल।** जिला आयुष अधिकारी डॉ शशि प्रभा पाण्डेय ने जानकारी दी है कि आयुष विभाग के 'आयुष आपके द्वार' योजना अंतर्गत बारिस के मौसम में मलेरिया, डेंगू सहित मौसमी बीमारियों का उपचार जिले भर में डोर टू डोर जार किया जा रहा है।

उन्होनें बताया कि 01 जुलाई 2024 से यह योजना संचालित की जा रही है तथा जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयुस विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर रोगियों को निशुल्क उपचार मुहैया कराया जा रहा है, साथ ही वर्षा जनित रोगों के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी देकर आम जन में जागरूकता भी दी जा रही है। उन्होनें बताया कि यह योजना आयुष विभाग द्वारा 30 सितम्बर 2024 तक संचालित की जाएगी।

## खाद्य पदार्थों का किया गया औचक निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के आदेशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला शहडोल की टीम द्वारा जयसिंहनगर एवं व्यौहारी में संचालित खाद्य सामग्री दुकानों का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस. के. तिवारी द्वारा जयसिंहनगर बस स्टैंड में संचालित वर्षा रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के भंडारण स्थल एवं परिसर में स्वच्छता बनाए रखने की निर्देश दिए गए, तथा नारियल लड्डू और रबड़ी के सैंपल जांच के लिए लिए गए। इसी प्रकार बस स्टैंड पर संचालित जय माता दी पान पैलेस एवं डेली नीडस से बटर, मिल्क एवं सोयाबीन के सैंपल तथा एवन डेली नीड्स से नारियल पानी एवं केक के सैंपल एवं व्यौहारी में संचालित दावत रेस्टोरेंट से चावल के सैंपल लिए गए तथा सैंपल को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है प्रयोगशाला से प्राप्त परिणामों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आपदा प्रबंधन के संबंध में दिए निर्देश

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को आपदा प्रबंधन के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में भारी वर्षा के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। अतिवृष्टि और बाढ़ की आपदा से निपटने के लिए पहले से तैयारी रखें। पीड़ितों को समय पर राहत और बचाव उपलब्ध कराएं। बांधो की डाउन स्ट्रीम तथा जल भराव क्षेत्र में सतत निगरानी रखें। बांधों से पानी छोड़े जाने से पहले डाउन स्ट्रीम के क्षेत्र में हर गांव में खबर कराएं। सड़कों में जो पुल और पुलिया अधिक वर्षा में जलमग्न हो जाते हैं उनमें संकेतक लगाने के साथ-साथ



वाहनों का आवागमन रोकने के लिए बैरियर लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशीय बिजली गिरने से भी कई व्यक्तियों की असमय मौत हुई है। आकाशीय बिजली से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें। अधिक वर्षा में जलीय जीवों के बस्तियों में पहुंचने, कुएं से जहरीली गैस के रिसाव तथा अन्य आपदाओं के बचाव के लिए उचित प्रबंध करें। बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षित स्थानों में शिविर लगाकर पीड़ितों के ठहरने, भोजन, पेयजल, उपचार आदि की व्यवस्था करें। आगामी माह में आने वाले त्यौहारों पर भी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए समुचित प्रबंध करें। त्यौहारों में लगने वाले मेलों में भी सुरक्षा के अच्छे प्रबंध करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह ने डिजास्टर वार्निंग रिस्पांस सिस्टम के माध्यम से की जा रही आपदा प्रबंधन की जानकारी दी। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रवींद्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

## दुकानों एवं घरों में पानी भरने से जीवन अस्त-व्यस्त

**सिंगरौली।** एक से डेढ़ घण्टे के बीच हुई मूसलाधार बारिश ने नगर निगम के व्यवस्थाओं कि पोल खुल गई। नालियां चोक होने से पानी सड़क एवं दुकानों तथा घरों में इस तरह भरने लगा कि दुकानदार से लेकर रहवासी भी परेशान हो गए। आलम यह था कि कॉलेज मोड़ व कॉलेज मार्ग के सड़क में करीब डेढ़ फीट पानी जमा होने से कई दुकानों एवं विनोद शाह के मकान में भी पानी भर गया। यही हाल कॉलेज चौक मुख्य मार्ग इन्दौर कार श्रृंगार दुकान का था। जहां नाली का पानी भरने से सामान तैरने लगे।

## संपादकीय

### बेहतर आपसी तालमेल

जापान की राजधानी तोक्यो में हुई क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को इस मायने में अहम कहा जा सकता है कि सदस्य देशों के बीच अलग-अलग वजहों से कुछ दूरी आने की आशंकाएं निराधार साबित हुईं। बैठक में हुई चर्चा, इस दौरान हुई द्विपक्षीय बैठकें और आखिर में जारी साझा बयान- सबसे यह स्पष्ट संदेश गया कि सदस्य देशों के बीच न केवल आपसी तालमेल कायम है, बल्कि साझा लक्ष्यों और उनकी ओर बढ़ने के तरीकों को लेकर भी किसी तरह का संशय या उलझन नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले दिनों हुई रूस यात्रा के बाद यह इन देशों के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक थी। उनकी रूस यात्रा को लेकर पश्चिमी हलकों में कुछ बेचैनी देखी गई थी। न केवल यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस पर अपनी नाखुशी जाहिर की थी, बल्कि अमेरिका की ओर से भी सार्वजनिक बयानों के जरिए यह संकेत दिया गया था कि इस यात्रा को लेकर वह सहज नहीं है। यही नहीं खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़े मसले को अंतरराष्ट्रीय मीडिया में जिस तरह उछाला गया, उससे भी इन अटकलों को बल मिला कि अमेरिका और भारत के रिश्तों में पहले जैसी समझ शायद नहीं है। ऐसे में स्वाभाविक ही कुछ हलकों में ऐसी धारणा बनाई जाने लगी थी कि क्वाड देशों की बैठक में किसी न किसी रूप में दरार झलकेगी। लेकिन विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने पहले ही संबोधन में स्पष्ट कर दिया कि क्वाड की जरूरत और उसकी अहमियत को कोई दो राय हो ही नहीं सकती। अन्य देशों के भी स्वर ऐसी ही स्पष्टता लिए हुए थे। पूर्व और दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता के कारण उत्पन्न हो रही स्थितियों से निपटने की जरूरत और उसके तरीकों को लेकर किसी भी तरह का असमंजस या दुविधा नहीं दिखाई दी।

# नगरों का प्रबंधन न हो जाए जानलेवा

**राजेंद्र नगर की घटना में, जिस पुस्तकालय में अचानक पानी भर जाने से तीन छात्र-छात्राओं की डूबकर मौत हो गई, उसे बेसमेंट में चलाने की अनुमति ही नहीं थी। इसी तरह, बीती 22 जुलाई को मध्य दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहे एक नौजवान की इसलिए मौत हो गई, क्योंकि उसने जल भरे रास्ते से बचने के लिए एक लोहे के गेट को पकड़ लिया था, जिसमें खुले तारों की वजह से करंट दौड़ रहा था। पिछले साल मुखर्जी नगर में एक कोचिंग संस्थान में लगी आग में 60 से अधिक बच्चे घायल हो गए थे, जबकि जहां उनको पढ़ाया जा रहा था, वह स्थान छात्रों की संख्या के हिसाब से काफी छोटा था। साफ है, प्रशासनिक चूक बच्चों के जीवन पर भारी पड़ती दिखी है। इस चूक का खामियाजा महज पीड़ित परिवार नहीं भुगतते, बल्कि राष्ट्र को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ती है, क्योंकि किसी भी देश के लिए मानव संसाधन बेशकीमती होता है।**

(के के पाण्डेय, प्रोफेसर, शहरी प्रबंधन, आईआईपीए)

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक के बाद एक हो रहे हादसे शहरी नियोजन की गंभीर कमियों की ओर इशारा कर रहे हैं। राजेंद्र नगर की घटना में, जिस पुस्तकालय में अचानक पानी भर जाने से तीन छात्र-छात्राओं की डूबकर मौत हो गई, उसे बेसमेंट में चलाने की अनुमति ही नहीं थी। इसी तरह, बीती 22 जुलाई को मध्य दिल्ली में यूपीएससी की तैयारी कर रहे एक नौजवान की इसलिए मौत हो गई, क्योंकि उसने जल भरे रास्ते से बचने के लिए एक लोहे के गेट को पकड़ लिया था, जिसमें खुले तारों की वजह से करंट दौड़ रहा था। पिछले साल मुखर्जी नगर में एक कोचिंग संस्थान में लगी आग में 60 से अधिक बच्चे घायल हो गए थे, जबकि जहां उनको पढ़ाया जा रहा था, वह स्थान छात्रों की संख्या के हिसाब से काफी छोटा था। साफ है, प्रशासनिक चूक बच्चों के जीवन पर भारी पड़ती दिखी है। इस चूक का खामियाजा महज पीड़ित परिवार नहीं भुगतते, बल्कि राष्ट्र को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ती है, क्योंकि किसी भी देश के लिए मानव संसाधन बेशकीमती होता है।

बहरहाल, ऐसे मसलों पर किसी सियासी आरोप-प्रत्यारोप में उलझे बिना हमें यही सुनिश्चित करना है कि इसका उचित समाधान हो। यह तय करना ही होगा कि कोई भी अव्यवस्था किसी की जान पर भारी न पड़े। इसके लिए हमें 'अर्बन रिन्यूअल पॉलिसी', यानी शहरों के नवीनीकरण की नीति बनानी होगी। वास्तव में, आज भीड़भाड़ वाले अनेक क्षेत्र शहरों के मध्य में आ गए हैं, जबकि वहां का बुनियादी ढांचा आज की जरूरत के हिसाब से नहीं है। वहां नियम-कायदों के पालन में भी काफी दिक्कतें पेश आती हैं। लिहाजा, वहां या तो पूरी तरह रद्दोबदल करते हुए नया ढांचा विकसित किया जाए, अन्यथा जरूरत के हिसाब से मौजूदा ढांचे में ही अपेक्षित सुधार किए जाने चाहिए।

ऐसे क्षेत्रों को तकनीकी शब्दावली में 'कोर सिटी एरिया' कहते हैं। इनकी आर्थिक क्षमता काफी अधिक होती है, लेकिन अनियोजित विकास और पुराने बुनियादी ढांचे की वजह से इनकी आबादी की सघनता, क्षमता और जरूरी बुनियादी सुविधाओं में कोई मेल नहीं बैठ पाता। दिल्ली सरकार ने ही पिछले दिनों एक अध्ययन के हवाले से बताया था कि राजधानी में ड्रेनेज सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए काफी निवेश की जरूरत है। देखा जाए, तो बारापुला, नजफगढ़ और यमुना पार के इलाके को तीन अलग-अलग भागों में बांटकर जल-निकासी की व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। अभी इन तीनों इलाकों की जल-निकासी व्यवस्थाओं में कोई सामंजस्य नहीं है। यहां प्राकृतिक जल-निकासी से आंखें मूंद



ली गई हैं।

सवाल उठाए जाते हैं कि इस तरह के व्यवस्थागत बदलाव के लिए पैसे कहां से आएंगे? वास्तव में, हमारे पास पैसों की उस तरह कमी नहीं है, जितनी बताई जाती है। जिस तरह से सरकारें मुफ्त की रेवड़ियां बांटती हैं, उसका अगर एक हिस्सा ही ऐसे ढांचागत कार्यों में नियमित रूप से खर्च किया जाए, तो लोगों को काफी राहत मिल सकती है। मुफ्त की रेवड़ियों का ही असर है कि जनहित सेवाओं के संचालन अथवा प्रबंधन में जिस तरह पैसे खर्च करने की जरूरत होती है, उतना सरकारों के पास नहीं बच पाता और उनको केवल आपात स्थिति के लिए अपनी तैयारी रखनी पड़ती है। राजेंद्र नगर हादसे में ही घटना के बाद तमाम तरह की कमियों की बात सामने आई है। आलम यह है कि जल व्यवस्था को ही दुरुस्त करने के लिए आवश्यक पाइपों की मरम्मत और प्रतिस्थापना का काम नियमित तौर पर नहीं हो रहा, जबकि यह आवश्यक माना जाता है।

शहरी ढांचे की बेहतरी या नवीनीकरण का काम मूलतः नगर निकायों का है, लेकिन संबंधित विभागों में जरूरी समन्वय बन ही नहीं पाता। दिल्ली में ही जल-आपूर्ति का मामला दिल्ली जल बोर्ड के पास है, तो जल-निकासी की व्यवस्था नगर निकाय के हवाले। ऐसे में, जब तक स्थानीय निकायों पर पूरी तरह से समन्वय की जिम्मेदारी नहीं डाली जाएगी, तब तक इस तरह की समस्या बनी रहेगी।

इस मसले का समाधान इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य हमने तय कर रखा है। चूंकि योजनागत काम नहीं हो रहा, इसलिए आर्थिक क्षमता से भरे इन क्षेत्रों से हमें उचित फायदा नहीं मिल रहा। हम चाहें, तो मुंबई के धारावी से सबक ले सकते हैं, जहां नवीनीकरण का प्रयास तेज किया गया है। इस तरह के काम हर शहर में क्षेत्रों को चिह्नित करके उचित संदर्भ में किए जा सकते हैं। ऐसा इसलिए भी करना चाहिए, क्योंकि भारत में मुंबई और दिल्ली महानगर ही आने वाले समय में ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दिल्ली को लंदन, टोक्यो या न्यूयॉर्क से मुकाबला करना होगा और यह तभी संभव है, जब यहां बुनियादी ढांचे पर काम किया जाए। दिल्ली, मुंबई के अलावा बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता भी आर्थिक विकास के दौर में ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था बनने के दावेदार हैं। ऐसे में, शहरों में नीतिगत और ढांचागत बदलाव अपरिहार्य है। मंझले और छोटे शहर राजकीय व अंतरराज्यीय प्रतिस्पर्द्धा से आर्थिक विकास को गति दे सकते हैं।

'अर्बन रिन्यूअल पॉलिसी' के फायदे यूरोपीय देशों में खूब देखे गए हैं। वास्तव में, दुनिया के तमाम देश ऐसी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन वही इससे सफलतापूर्वक निकल पाते हैं, जो इसके लिए पर्याप्त दृढ़ता दिखाते हैं। यूरोपीय देशों ने समयानुकूल अपने यहां ढांचागत बदलाव किए। इसका नतीजा यह है कि आज वहां सघन आबादी वाले अनियोजित क्षेत्र नहीं दिखते। अच्छी बात है कि इस बार केंद्र सरकार ने आम बजट में बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों पर खास ध्यान दिया है। इससे वहां आधारभूत ढांचे पर निवेश हो सकेगा। अब इन राज्यों की आय बढ़ाने की व्यवस्था करनी होगी। इसके लिए सभी आकार के शहरों का विकास आवश्यक है, क्योंकि जवाहरलाल नेहरू नेशनल अर्बन रिन्यूअल मिशन में नवीनीकरण पर ज्यादा काम नहीं हो सका है।

कुल मिलाकर, हमें शहरों के आर्थिक विकास का काम नगर निकायों के हवाले करना होगा। उसे ही यह तय करना चाहिए कि कौन-सा क्षेत्र किस गतिविधि के अनुकूल है और इसके लिए कैसा ढांचागत सुधार किया जाए। इस काम में बड़े और छोटे शहरों की अलग-अलग भूमिका होगी। शीर्ष विभागों को इस प्रक्रिया पर निगरानी रखनी चाहिए और जरूरत के मुताबिक समन्वय करना चाहिए। वास्तव में, नगर निकायों की मजबूती ही नगरीय व्यवस्था को बेहतर बनाती है।(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# जैसे शूटर मनु भाकर का जीवन बदला, वैसे सभी को राह दिखा सकती है श्रीमद्भगवद् गीता

(विनोद पाठक)

टोक्यो ओलंपिक- 2020 में मेडल की रेस से बाहर होने के बाद मनु भाकर निराशा में डूब गई थी। श्रीमद्भगवद गीता ने मनु को निराशा से बाहर लाने का काम किया। मनु भाकर ने कहा कि जब वो पेरिस ओलंपिक में मेडल के लिए निशाना लगा रही थी तो उसके दिमाग में श्रीमद्भगवद गीता ही चल रही थी।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥

श्रीमद्भगवद गीता के इस श्लोक का अर्थ है, 'तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करना ही है। कर्मों के फल पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। अतः तुम निरन्तर कर्म के फल पर मनन मत करो और अकर्मण्य भी मत बनो।'

पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पहला मेडल जीतने के बाद शूटर मनु भाकर ने श्रीमद्भगवद गीता के इस श्लोक का जिक्र किया। मनु भाकर ने कहा कि वो श्रीमद्भगवद गीता का नियमित पाठ करती है, जिसमें कहा गया है कि स्वयं कर्म पर भरोसा रखो। जो बीत गया, उसकी चिंता में डूबने के बजाय लक्ष्य पर फोकस करो।

दरअसल, टोक्यो ओलंपिक- 2020 में मेडल की रेस से बाहर होने के बाद मनु भाकर निराशा में डूब गई थी। श्रीमद्भगवद गीता ने मनु को निराशा से बाहर लाने का काम किया। मनु भाकर ने कहा कि जब वो पेरिस ओलंपिक में मेडल के लिए निशाना लगा रही थी तो उसके दिमाग में श्रीमद्भगवद गीता ही चल रही थी।




दुनिया की 75 से अधिक भाषाओं में अनुवाद की जा चुकी श्रीमद्भगवद गीता का विश्व की महान विभूतियां नियमित रूप से पाठ करती रही हैं। अपने जीवन में श्रीमद्भगवद गीता की शिक्षा का अनुसरण करती रही हैं। स्वयं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रीमद्भगवद गीता से गहरा लगाव था और उनके जीवन पर श्रीमद्भगवद गीता ने गहरा प्रभाव छोड़ा था।

सस्ता साहित्य मंडल नई दिल्ली से महात्मा गांधी के लेखों पर प्रकाशित पुस्तक 'गीता की महिमा' में उनके धार्मिक विचारों की झलक मिलती है। एक लेख में महात्मा गांधी ने लिखा कि गीता शास्त्रों का दोहन है। गीता मेरे लिए माता हो गई है। जब कभी संदेह मुझे घेरते हैं और मेरे चेहरे पर निराशा छाने लगती है तो मैं गीता को एक उम्मीद की किरण के रूप में देखता हूं। गीता में मुझे एक छंद मिल जाता है, जो मुझे साथ सांत्वना देता है। मैं कष्टों के बीच मुस्कराने लगता हूं।

भारत के मिसाइल मैन और पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलम भी श्रीमद्भगवद गीता से बेहद प्रभावित थे और उसका नियमित पाठ करते थे। अपनी आत्मकथा 'विंग्स ऑफ फायर' में उन्होंने अपने गीता से जुड़ाव की जिक्र किया है। एक स्थान पर कलाम ने बताया कि कैसे एक बार तिरुअनंतपुर के तट पर उन्हें भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक और महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई श्रीमद्भगवद गीता पढ़ते हुए मिले थे। विक्रम साराभाई ने ही उन्हें श्रीमद्भगवद गीता पढ़ने के लिए प्रेरित किया था। अपनी आत्मकथा में कलाम ने लिखा कि गीता एक विज्ञान है और भारतीयों के लिए अपनी सांस्कृतिक विरासत का गर्व का बड़ा विषय है।

दुनिया में परमाणु बम के जनक अमेरिकी वैज्ञानिक जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर को भी श्रीमद्भगवद गीता से गहरा लगाव था। 1930 के दशक में ओपेनहाइमर हिंदू ग्रंथों से प्रभावित हुए और वर्ष 1933 में हर गुरुवार को वो श्रीमद्भगवद गीता पढ़ने जाते थे, जिसे बर्कली में रहने वाले आर्थर राइडर नाम के संस्कृत शिक्षक पढ़ाते थे।

ओपनहाइमर ने श्रीमद्भगवद गीता को अनुवाद किए बिना पढ़ने का निर्णय लिया था और इसके लिए उन्होंने संस्कृति सीखी थी। वर्ष 1785 में सर्वप्रथम ईस्ट इंडिया कंपनी के कर्मचारी चार्ल्स विलकिंस ने संस्कृत से अंग्रेजी में श्रीमद्भगवद गीता का अनुवाद किया। यह किसी भी यूरोपीय भाषा में संस्कृत से होने वाला पहला अनुवाद भी है।

श्रीमद्भगवद गीता मनुष्य को कर्तव्य का बोध कराती है। जीवन जीने की कला सिखाती है। सत्कर्म करते हुए जीवन जीने की शिक्षा देती है। यही कारण है कि दुनिया के अधिकांश देशों में श्रीमद्भगवद गीता का अध्ययन हो रहा है। अमेरिका की न्यूजर्सी यूनिवर्सिटी में श्रीमद्भगवद गीता को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाता है।

ऐसे विश्व में कई विश्वविद्यालय हैं, यहां श्रीमद्भगवद गीता को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। केवल शूटर मनु भाकर नहीं, दुनिया में करोड़ों-करोड़ लोगों को श्रीमद्भगवद गीता राह दिखा रही है। आज देश-दुनिया में सैकड़ों लोग अवसाद का शिकार हो रहे हैं। निराशा में डूब रहे हैं। यदि वो श्रीमद्भगवद गीता का पाठ करें तो जीवन और विश्व में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

## वर्ग पहेली 5449



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. आजाद हिंद फौज की स्थापना यहां की गई थी (4)
6. दो बार उतनी ही, दुगुना, दोगुना (2)
7. विकास संबंधी काम (5)
10. संदेह, शक, खटका, भय (3)
11. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
12. स्वेच्छा से दिया जाने वाला धन (2)
14. गेंहू की तरह एक प्रसिद्ध अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)
15. आंसू, नेत्र-जल, पानी (2)
16. आवाज, शब्द, शोरगुल (2)
19. कृतज्ञता, धन्यवाद, शुक्रिया (5)
21. एक जैसी सूरत या शक्ल वाले, एकरूप, समाकार (4)
24. आपस में गुंथी हुई चीजों का विस्तृत रूप जो एक जालीदार रचना बनाती है (2)
25. हिंदी साहित्य में एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द बार-आकर उसका भिन्न-भिन अर्थ देता है (3)
26. पृथ्वी, धरती (2)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. सिंदूर रखने की डिबिया (5)
2. गीत प्रस्तुत करने की क्रिया, कविता (2)
3. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
4. विशिष्ट, विशेष रूप से (2)
5. कार्य करने वाला (4)
8. पिता का भाई (2)
9. वक्त, समय (2)
13. वह प्राणी जो पुरूष जाति का हो (2)
17. कुटिल, टेढ़ा, तिरछा (2)
18. शक्तिमत्ता, सामर्थ्य, हिम्मत (3)
20. निर्वाह हेतु दी जाने वाली आर्थिक मदद, गुजर, निर्वाह (3)
21. घोड़ा, अश्व (2)
22. मेरा या मेरी (2)
23. वह राजा जिसके नाम से कोई संवत् चले, भ्रम (2)

### वर्ग पहेली 5448 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सि | ड | नी | | ना | मी | बि | या |
| प | ल | | व | त | न | | म |
| ह | | मो | | | | स्पे | |
| सा | हि | र | लु | धि | या | न | वी |
| ला | मा | | क | न | क | | |
| र | क | म | | | | र | त |
| | त | न | | फ | र | ज | |
| | | स्वी | ड | न | | क | र्म |

# हिसाब लगा रहा आंध्र प्रदेश कि बजट से कितना मिलेगा

(एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार)

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2024-25 में कई घोषणाएं की हैं, जिनका मकसद आंध्र प्रदेश को खुश करना है। एहसान चुकाने की भावना स्पष्ट है, क्योंकि आंध्र प्रदेश ने तीसरी मोदी सरकार को समर्थन जारी रखने का वादा किया है। इस दक्षिणी राज्य को अपने विकास के लिए संसाधन मिले हैं, विशेष रूप से राजधानी अमरावती के लिए, जो मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की पसंदीदा परियोजना है।

निर्मला सीतारमण को इस सूबे के लिए विशेष पैकेज की घोषणा करने में कठिनाई हो रही थी, क्योंकि 2026 तक लागू 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों के बाद ऐसा करना संभव नहीं है। इसलिए उन्होंने सिफारिशों को जोड़ने का थोड़ा घुमावदार तरीका चुना। वित्त मंत्री ने यह वादा किया है कि चालू वित्त-वर्ष में 15,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था के अलावा आंध्र को भविष्य में भी अतिरिक्त राशि मिलेगी। बैंक, एशियाई विकास बैंक आदि से उसके लिए राशि की व्यवस्था की जाएगी। इसने आंध्र के नेताओं और उसके नौकरशाहों को उलझा दिया है। शुरुआती धन्यवाद के बाद अब नायडू शांत हैं। वे इस बात का अध्ययन कर रहे हैं कि उन्हें धनराशि कैसे व किस रूप में मिलेगी और इसका राज्य की वित्तीय स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ सकता है? इसका तात्कालिक नतीजा यह हुआ है कि राज्य के पूर्ण बजट को दो महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। फिलहाल राज्यों को चार तरह से धन दिए जाते हैं। पहला, वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित विभाज्य पूल से। दूसरा, केंद्रीय अनुदान के रूप में, जिसे चुकाना नहीं होता। तीसरा, केंद्रीय मदद के रूप में ब्याज सहित और चौथा, केंद्र द्वारा व्यवस्थित बहुपक्षीय फंडिंग एजेंसियों से ऋण के रूप में। वित्त मंत्री ने आंध्र को चौथे विकल्प का प्रस्ताव दिया है। नायडू के शुभचिंतक उन्हें केंद्र से ऋण देनदारी का कुछ हिस्सा वहन कराने की सलाह दे रहे हैं। राज्य और केंद्र, दोनों गारंटी जारी करते हैं। राज्य के मामले में प्रदेश के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को बैंकों से ऋण लेने के लिए गारंटी जारी की जाती है। बहुपक्षीय एजेंसियों द्वारा वित्त पोषण के मामले में संप्रभु गारंटी केंद्र द्वारा दी जाती है। मगर केंद्र की गारंटी के बावजूद चूक की स्थिति में योजना की देनदारी अंततः राज्य सरकार की होगी।

कुल मिलाकर, आंध्र प्रदेश को अंतिम तौर पर क्या मिलेगा, यह अभी बहुत साफ नहीं है। शायद इन्हीं संदेहों या मुद्दों का जायजा लेने के लिए नायडू ने अपने पूर्ण बजट को स्थगित कर दिया है। इस प्रांत की वित्तीय स्थिति खराब है, क्योंकि इसका करीब आधा राजस्व (48 प्रतिशत) ऋण चुकाने में चला जाता है। नायडू पर अपने चुनावी वादों को पूरा करने की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। वह अब आगले दो महीनों का उपयोग अपने पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी द्वारा घोषित कई योजनाओं को त्यागने और कुछ शुरू करने के लिए करना चाहते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपको रुपये-पैसे के मामले में लाभ होगा। आपका समय अच्छे कार्य में व्यतीत होगा और किस्मत आपका साथ देगी। आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी स्थिति पहले से बेहतर होगी। कार्यक्षेत्र में किसी वजह से मानसिक तनाव हो सकता है। हर बात का दोहरा अर्थ निकलता है, सावधान रहें।

### वृषभ

आज मेहनत करने से लाभ होगा। आपके राजनीतिक प्रतिद्वन्दी आपसे आगे निकलने का प्रयास करेंगे और आप धीरे धीरे सफलता की ओर बढ़ेंगे। कोई नया कार्य शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। दिन का काम जल्दी खत्म करके शाम का वक्त परिवार के लोगों के साथ बिताएंगे और उसमें आपका मन प्रसन्न होगा।

### मिथुन

आज दिन सामान्य है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपका दिन सफलता से भरा होगा। संतान पक्ष की ओर से हर्षदायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, आपको लाभ होगा और सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में आपको लाभ होगा।

### कर्क

आज सफलता के योग बन रहे हैं। आपको सफलता प्राप्?त होगी और पराक्रम में वृद्धि होने से करियर के मामले में लाभ होगा। बच्चे खेल कूद में बिजी रहेंगे और आपको उनके करियर की चिंता परेशान करेगी। दूसरों की मदद करने से सकून मिलेगा।

### सिंह

आज दिन लाभ सो भरा होगा और आपके सम्?मान में वृद्धि होने के योग हैं। सांसारिक सुख भोग, सम्मान वृद्धि, भाग्य विकास के शुभ योग आपके लिए बन रहे हैं। नई खोज में भी आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको लाभ होगा। पुराने मित्रों के मिलने से नई आशाओं का संचार होगा।

### कन्या

आज करियर में लाभ होने के योग हैं और आपको लाभ होगा। आप चिंतित रहेंगे और आपके ऊपर काम का भार कुछ ज्?यादा ही रहेगा। आपको जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा। आपके घर में खुशी का माहौल रहेगा।

### तुला

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्तिगत मतभेदों को व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है। किसी निकट व?यक्ति के साथ आपकी कहासुनी हो सकती है। सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें।

### वृश्चिक

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े किसी प्रकी किसी राजनयिक से निकटता और दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं।

### धनु

आज आपके लिए लाभ के जबर्दस्?त योग बन रहे हैं। आपके विरोधी परास्त होंगे और पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें। शाम को परिवार के लोगों के साथ कहीं घूमने का आयोजन हो सकता है। यात्रा में सावधान रहें।

### मकर

आज लाभ का दिन है और आपको कहीं से उपहार व सम्?मान का लाभ मिल सकता है। पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है और आपकी रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलने के योग हैं। शाम को ऑफिस के किसी काम से आपको अचानक से बाहर जाना पड़ सकता है।

### कुंभ

आज संतान पक्ष से हर्ष होगा और आपको बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होगी। आपकी उत्तम कार्यशैली और मधुर व्यवहार से आप सभी का दिल जीत लेंगे। आपको लाभ मिलेगा और दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे। आपको पास और दूर की यात्रा पर जाने से लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### मीन

आज करियर में लाभ होगा और आपके लिए सम्?मान में वृद्धि के योग बने हैं। आपकी सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी। शाम को आपको किसी जरूरी कार्य में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में एक ही जगह पर खुलेंगे शिक्षण केंद्र, एलजी ने दिए यहां पर कोचिंग हब बनाने के निर्देश



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में शिक्षण केंद्र अब एक ही जगह पर खुलेंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली का कोचिंग हब बनाने को कहा है। उपराज्यपाल ने डीडीए उपाध्यक्ष को इसके लिए नरेला और रोहिणी आदि में ऐसी जगहों को चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। यहां पर कोचिंग संस्थानों को समायोजित (एडजस्ट) किया जाएगा। ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद उपराज्यपाल ने 29 जुलाई को छात्रों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। इसमें उन्होंने छात्रों को उनकी तमाम समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया था। 30 जुलाई को उपराज्यपाल ने कोचिंग संस्थानों के प्रबंधकों और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसके बाद उपराज्यपाल ने दिल्ली में कोचिंग के पूरे व्यवसाय को नई, सुरक्षित और सुविधाजनक रूपरेखा देने के लिए तमाम अधिकारियों के साथ भी गहन चर्चा की। वीके सक्सेना ने कोचिंग संबंधी सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए दिल्ली के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी के गठन का निर्देश दिया है। इस कमेटी में कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि, छात्रों के प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। राजेंद्र नगर में हादसे के बाद लापरवाह कोचिंग सेंटर पर कार्रवाई के साथ ही सुधार को लेकर पहल शुरू कर दी गई है। उपराज्यपाल ने डीडीए उपाध्यक्ष को कोचिंग हब बनाने के लिए नरेला और रोहिणी में जगह चिह्नित करने के निर्देश देने के साथ ही एक समिति के गठन की बात कही है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली कमेटी सभी मापदंडों को पूरा करते हुए अनुकूल शैक्षिक वातावरण बनाने, मकान मालिकों द्वारा अत्यधिक किराया वसूलने, फायर एनओसी, नालों से गाद निकालने जैसे तमाम मुद्दों पर काम करेगी। यह कमेटी कोचिंग संस्थानों को धीरे-धीरे विभिन्न स्थानों से सुनियोजित क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए दीर्घकालिक और अल्पकालिक कार्ययोजना तैयार करेगी।

### ट्यूशन से लौटते स्टूडेंट की करंट से मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लापरवाही भरे सिस्टम ने दिल्ली में एक और बलि ले ली है। दिल्ली के बिंदापुर में करंट लगने से 12 साल के एक बच्चे की मौत हो गई है। नंगे तार को दीवार के सहारे बांधकर छोड़कर दिया गया था जिसकी चपेट में मासूम उस वक्त आ गया जब वह ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था। हाल ही में इसी तरह की लापरवाही ने पटेल नगर में यूपीएससी स्टूडेंट की जिंदगी छीन ली थी। बिंदापुर डीडीए फ्लैट में रहने वाले रमन कुमार का बेटा मुदित (12) ट्यूशन पढ़ने गया था। ट्यूशन से लौटते समय घर के पास ही उसे करंट लग गया। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिक तारें बाहर निकली हुई थीं। इन तारों को एक फ्लैट की दीवार से बांध दिया गया था। मुदित इनकी चपेट में आ गया। परिवार के लोग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने वहां उसे मृत घोषित कर दिया।

### क्या गुंडा रखने को सीएम आवास? स्वाति मालीवाल केस में बिभव को स्ट की कड़ी फटकार, कई तीखी टिप्पणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्वाति मालीवाल पिटाई कांड में बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कई बड़ी टिप्पणी की है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने यहां तक कहा कि सीएम आवास क्या गुंडों को रखने के लिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, उन्होंने (बिभव कुमार) गुंडे की तरह काम किया और मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास में घुसा। उसने तब भी महिला पर हमला किया जब उसने अपनी शारीरिक स्थिति बता दी थी। कोर्ट ने पूछा कि एक महिला पर इस तरह हमला करते हुए उन्हें शर्म नहीं आई? जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस उज्जल भुइंया की बेंच ने गुरुवार को बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई की। बिभव कुमार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अपने मुवक्किल के लिए राहत की मांग करते हुए कहा कि शिकायत तीन दिन बाद दर्ज की गई। उन्होंने यह भी कहा कि मालीवाल के आरोप मनगढंत और झूठे हैं।


### गाजियाबाद में अब छोटे भूखंडों पर भी खुल सकेंगे होटल, बढ़ेगा रोजगार; त्नष्ठ ने बदला यह नियम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में अब छोटे भूखंडों पर भी होटल खुल सकेंगे। शासन के निर्देश पर जीडीए भी एक हजार वर्ग मीटर भूखंड पर नक्शा पास करने की बाध्यता को खत्म करने जा रहा। इससे लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही, रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि पिछले दिनों शासन ने बिल्डिंग बायलॉज के होटल भवन निर्माण उपविधि में संशोधन किया है। साथ ही, सभी प्राधिकरणों को बोर्ड के माध्यम से इसे अपनाने के निर्देश दिए। अब जीडीए पांच अगस्त को होने वाली बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को ला रहा है, जिसमें होटल भवन निर्माण उपविधि संशोधित 2023 को अपना लिया जाएगा। इसे अपनाने के बाद होटल भवन निर्माण के लिए न्यूनतम एक हजार वर्ग मीटर भूखंड पर नक्शा पास करने की बाध्यता खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अब तक एक हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले भूखंड पर होटल का नक्शा पास किया जाता है।

# दिल्ली में रोडरेज के दौरान पति संग जा रही पत्नी को मार दी गोली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रोडरेज के दौरान सरेआम बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है। गोकुलपुरी इलाके में अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से जा रही एक महिला को गोली मार दी गई। महिला को आननफानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। वारदात के दौरान वह अपने पति व बच्चों के साथ दुर्गापुरी स्थित बैंक जा रही थीं। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस के अलावा क्राइम व एफएसएल की टीमों ने भी मौके से जरूरी सुराग जुटाए हैं।

पुलिस उपायुक्त डॉक्टर जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार दोपहर 3.15 बजे बुलेट सवार पति-पत्नी व बच्चों के साथ जा रहे परिवार पर गोलीबारी की सूचना मिली। मृतका के पति के बयान के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालते हुए आरोपी की पहचान व गिरफ्तारी की कोशिश कर रही है। मामले की जांच जारी है। बड़े भाई जगतार सिंह ने बताया कि उनके भाई 40 वर्षीय हीरा सिंह भलस्वा डेयरी के गुरु नानक कॉलोनी स्थित सी-225 में परिवार के साथ रहते हैं। पेशे से वह सराय काले खां स्थित एक निजी अस्पताल में सुपरवाइजर हैं। उनकी पत्नी गृहिणी थीं। बुधवार दोपहर जगतार अपनी पत्नी





सिमरनजीत कौर के अलावा 12 व चार साल के दो बेटों के साथ भलस्वा डेयरी से दुर्गापुरी स्थित एक बैंक में किसी काम से जा रहे थे।

इसी दौरान दोपहर करीब तीन बजे जब वे गोकुलपुरी फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो वजीराबाद रोड पर एक ब्रेकर के पास एक स्कूटी चालक से उनकी कहासुनी हो गई। धीरे-धीरे कहासुनी गाली-गलौज में बदल गई। गाली-गलौज पर भी बात खत्म नहीं हुई। साथ चलते-चलते दोनों के बीच बहस जारी रही। इसी बीच थोड़ा आगे जाने पर पीड़ित बाइक पर बाईं ओर चलते रहे और आरोपी स्कूटी चालक फ्लाईओवर पर चढ़ गया। इसके बाद भी उनका विवाद खत्म नहीं हुआ और गाली गलौज जारी रही।

**चलती स्कूटी से 30-35 फीट दूरी से चलाई गोली :** मृतका के पति के अनुसार, फ्लाईओवर से उतरते ही आरोपी स्कूटी चालक ने पिस्टल निकाली और चलती स्कूटी से करीब 30-35 फीट दूरी से बाइक सवार परिवार पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली हीरा को नहीं लगी बल्कि बाइक पर उनके पीछे बैठी पत्नी सिमरनजीत कौर को जा लगी। इस दौरान वे वजीराबाद रोड पर गोकुलपुरी फ्लाईओवर के निकट बायीं ओर चल रहे थे। वारदात के बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों की मदद से हीरा ने अपनी पत्नी को ऑटो से जीटीबी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### गाजियाबाद वेव सिटी के 3000 आवंटियों के लिए 12 साल बाद अच्छी खबर, घर खरीदारों को मिलेगा प्लॉट पर कब्जा

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद की वेव सिटी के करीब 3 हजार आवंटियों के लिए अच्छी खबर है। बोर्ड बैठक में इसके संशोधित डीपीआर के लेआउट को मंजूरी मिलने के बाद यह योजना परवान चढ़ सकेगी। वहीं, वेव सिटी डेवलपर्स का दावा है कि लेआउट प्लान स्वीकृत होने के छह महीने के भीतर आवंटियों को भूखंड पर कब्जा देना शुरू कर दिया जाएगा। पिछले 12 साल से उत्पल चड्ढा हाईटेक डेवलपर्स प्रा. लि. गाजियाबाद (वेव सिटी) परियोजना में प्लॉट का इंतजार कर रहे लोगों को राहत मिलने वाली है। वेव सिटी की संशोधित डीपीआर के लेआउट का प्रस्ताव 5 अगस्त को प्रस्तावित बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। वेव सिटी ने 4196.30 एकड़ जमीन का संशोधित डीपीआर स्वीकृति करवाया था, लेकिन अब लेआउट 3786.79 एकड़ का पास करवाया जा रहा है। इससे करीब 3 हजार की संख्या में आवंटियों को फायदा मिलेगा, क्योंकि उन्होंने वेवसिटी के फेस-2 में प्लॉट बुक करवा रखे हैं। ऐसे में इसका संशोधित लेआउट स्वीकृत होने से इन आवंटियों को भी अपने प्लॉट पर कब्जा मिल सके। वेव सिटी के अधिकारियों का कहना है कि संशोधित लेआउट स्वीकृत होने के बाद फेस टू योजना पर तेजी से काम किया जाएगा।

### सूरजकुंड मेला परिसर धू-धू कर जल उठी झोपड़ियां, किसने लगाई आग? जांच में जुटी पुलिस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूरजकुंड मेला परिसर में मंगलवार रात को खाली पड़ी झोपड़ियों में आग लग गई। इससे मेला परिसर में कार्यरत कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। सभी आग पर काबू पाने में जुटे। पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और तीन दमकल की गाड़ी ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस जांच में जुटी है। सूरजकुंड थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि आग को करीब एक घंटे में बुझा दिया गया। आग लगने का कारण ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ असामाजिक तत्व आग लगा दी होगी। पुलिस आग लगाने वाले आरोपियों की पहचान के लिए मेला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है। हट्स में आग लगने से मेला प्रबंधन को काफी नुकसान हुआ है। आग लगने से करीब 10 हट्स जलकर खाक हो गईं। पुलिस जांच में जुटी है। वहीं पश्चिमी दिल्ली के कीर्ति नगर इलाके में बुधवार सुबह एक तीन मंजिला इमारत में अचानक आग लग गई। हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस और दमकल की तीन गाड़ियां पहुंचीं। दूसरे और तीसरे तल पर फंसे करीब 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दमकल विभाग के अनुसार, बुधवार सुबह 8.40 बजे कीर्ति नगर स्थित एम-52ए में आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं तो पता चला कि आग तीन मंजिला इमारत के भूतल पर स्थित पार्किंग में लगी है। जांच में पता चला कि आग बिजली के पैनल बोर्ड में लगी थी।

### दिल्ली के सभी स्कूल बंद, भारी बारिश की वजह से केजरीवाल सरकार का फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में भारी बारिश की वजह से सभी स्कूल गुरुवार एक अगस्त को बंद रहेंगे। शिक्षा मंत्री आतिशी ने इसका ऐलान किया है। दिल्ली में बुधवार शाम से ही भारी बारिश हो रही है और गुरुवार को भी मौसम खराब रहने की आशंका है। शिक्षा मंत्री की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी निजी और सरकारी स्कूलों को बंद रखा जाए। दिल्ली में हो रही भारी बारिश और और इसकी वजह से जगह-जगह हुए जलभराव को देखते हुए यह फैसला किया गया है। बुधवार देर रात शिक्षामंत्री आतिशी ने एक्स पर लिखा, आज शाम भारी बारिश और कल भी भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी स्कूल (सरकारी और निजी) कल (गुरुवार) बंद रहेंगे। पूरे दिल्ली एनसीआर में जोरदार बारिश हुई है। गुरुवार को भी मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा। दिल्ली के कई इलाकों में गुरुवार को भी भारी बारिश हो सकती है। दिल्ली के कुछ इलाकों में तो एक ही घंटे में करीब 100 मिलीमीटर बारिश हो गई। इसकी वजह से कई जगह जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्या का भी सामना करना पड़ा। लोग घंटों तक जाम में फंसे रहे। कुछ किलोमीटर की दूरी भी कई-कई घंटों में तय हो सकी। एहतियात के तौर पर सरकार ने स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया।

## दिल्ली में एक और दर्दनाक हादसा, नाले में बहने से मां-बच्चे की मौत, सड़क पर कई फीट था पानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में राव आईएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से तीन स्टूडेंट की मौत के बाद राष्ट्रीय राजधानी में एक और बड़ा हादसा हुआ है। खोड़ा और दिल्ली की सीमा पर बुधवार रात को मां-बेटे की पानी से लबालब भरे नाले में गिरकर मौत हो गई। बताया जाता है कि सड़क पानी में डूबी थी इसलिए उन्हें नाले का पता नहीं चल पाया। यह हादसा करीब सवा आठ बजे हुआ। हालांकि दमकल की डिजास्टर? यूनिट ने दोनों को नाले से 11 बजे बरामद किया। दोनों को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस दोनों की डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

**लापरवाही का केस दर्ज, क्या बोली दिल्ली पुलिस :** दिल्ली पुलिस ने अपने बयान में कहा- थाना गाजीपुर में सीएनजी पंप, गाजीपुर पेपर मार्केट, गोल्डन प्लेस के पास नाले से एक महिला और बच्चे की डेड बॉडी बरामद होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। एएसआई रवि मौके पर पहुंचे तो पाया कि दोनों को पहले ही एलबीएस अस्पताल में भेजा गया है। डॉक्टरों ने तनुजा बिष्ट (23) और उसके बेटे प्रियांशु (3 वर्ष) को मृत घोषित कर दिया। दोनों घर लौट रहे थे, जब प्रियांश एक खुले नाले में फिसल गया। आसपास के क्षेत्र में जलभराव से बच्चे को गड्ढा नहीं दिखाई दिया। बच्चे को बचाने के प्रयास में तनुजा भी नाले में गिर गई। लापरवाही से मौत को लेकर एफआईआर दर्ज की जा रही है।

**कैसे हुआ हादसा :** बताया जाता है कि खोड़ा थाना क्षेत्र के प्रकाश नगर में रहने वाले गोविंद की पत्नी 22 वर्षीय तनुजा अपने तीन साल के बेटे प्रियांशु के साथ गाजीपुर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से आ रही थी। बारिश थमने पर वह खरीदारी करने के लिए निकली थी। खोड़ा क्षेत्र से निकलकर रोड पार करते समय वह दिल्ली में गाजीपुर थाने के सामने निर्माणाधीन नाले में बच्चे समेत गिर गई। ज्यादा बारिश से सड़क पर कई फुट पानी भर गया था। इस कारण सड़क और नाले का अंदाजा नहीं लगने से हादसा हुआ। ऐसा माना जा रहा है।

**रेहड़ी पटरी वालों ने दी सूचना :** हालांकि महिला को गिरते हुए कुछ रेहड़ी पटरी वालों ने देख लिया और तुरंत यूपी 112 पर हादसे की सूचना दी। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना करीब साढ़े आठ बजे मिली थी। एसएचओ खोड़ा आनंद प्रकाश मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल की भी डिजास्टर यूनिट को उपकरणों के साथ मौके पर बुलाया गया। खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की मदद से तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

**कड़ी मशक्कत के बाद निकाला :** मां-बेटा जिस नाले में गिरे, वह दिल्ली में बनाया जा रहा है। अभी उसका काम पूरा नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक यह नाला करीब 15 फीट गहरा और छह फीट चौड़ा है। नाले के कुछ हिस्से पर स्लैब डाली जा रही थी और कुछ हिस्से को खुला छोड़ गया था। भारी बारिश के कारण नाला पानी से लबालब हो गया और खुले हिस्से से गुजरते समय मां-बेटा नाले में गिर गए।? दमकल टीम को बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में काफी दिक्कत हुई। दमकलकर्मियों ने बुलडोजर से नाले की दीवार को तोड़कर छानबीन की। हादसा स्थल के ठीक सामने खोड़ा में कई रेहड़ी-पटरी विक्रेता खड़े थे। महिला और उसके बेटे को नाले में खुले स्थान की ओर जाता देख फल बेचने वाली एक महिला दोनों को बचाने के लिए जोर से चिल्लाई। हालांकि मां बेटे को आवाज सुनाई नहीं दी।

## कोचिंग हादसे पर बड़े ऐक्शन की तैयारी में दिल्ली पुलिस, एमसीडी अफसरों पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोचिंग सेंटर हादसे में अबतक सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस की तफ्तीश अब तीन बिंदुओं पर केंद्रित हो गई है। इसके बाद मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। खासतौर से एमसीडी अधिकारियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।

**बेसमेंट में पानी भरने का जिम्मेदार कौन :** कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने का जिम्मेदार कौन है? इसके लिए एमसीडी की रिपोर्ट का पुलिस को इंतजार है। दरअसल, पुलिस ने एमसीडी को पत्र लिखकर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के बारे में जानकारी मांगी है। वहीं, पुलिस खुद भी अपने स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका तय करने में जुटी है।

**वीडियो बनाने वाले से पूछताछ की तैयारी :** घटना का वीडियो बनाने वाले से पुलिस पूछताछ करेगी। जिस हैंडल से वीडियो वायरल हुआ था, उसके बारे में पूरी जानकारी हासिल कर ली गई है। जांच टीम से जुड़े एक उच्च पदस्थ अधिकारी के मुताबिक, चश्मदीद के जरिए कुछ ऐसे तथ्य सामने आ सकते हैं, जिससे अन्य लोगों की जवाबदेही भी तय की जा सकेगी।



**जांच रिपोर्ट का इंतजार :** जांच में जुटी पुलिस घटना के बाद मौके से फोरेंसिक और क्राइम टीम द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्यों की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही। रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच की जाएगी।

**पुलिस ने कई लोगों के बयान लिए :** पुलिस एक-एक कर प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रही है और उनके बयान भी दर्ज कर रही है। इस क्रम में पुलिस ने छात्रों, आसपास के लोगों और कोचिंग सेंटर से जुड़े दर्जन भर लोगों के बयान लिए हैं।

**घटनास्थल की वीडियोग्राफी की :** पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए मौके से जुटाए गए साक्ष्य के अलावा घटनास्थल की वीडियोग्राफी भी की है। साथ ही अलग-अलग एंगल से फोटो भी लिए हैं।

**दिल्ली पुलिस ने 16 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए :** दिल्ली पुलिस ने 'राऊज आईएएस स्टडी सर्किल' के बेसमेंट में पानी भरने से तीन विद्यार्थियों की मौत के मामले की जांच के तहत कोचिंग संस्थान के 16 कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पिछले दो दिनों में शिक्षकों, प्रबंधकों, सुरक्षा एवं सफाई कर्मचारियों के बयान लिए गए हैं।

## अगवा करके दांतों से काटा, फिर खून भी पी गया; दिल्ली में नाबालिग लड़के ने दी 2 साल के मासूम की बलि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अंध विश्वास और शक्तिशाली होने की लालसा में एक टीनेजर कातिल बन गया। उसने दो साल के बच्चे की बेरहमी से हत्या कर दी। उसका खून पीया और पत्थर से मार-मारकर सांसे छीन लीं। पुलिस ने आनंद पर्वत केस को सुलझाते हुए 17 साल के किशोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने उन्हें बताया कि अपराध को अंजाम देने के समय वह 'अलौकिक शक्तियों' के प्रभाव में था। पुलिस के अनुसार, मासूम बच्चा 21 जुलाई की सुबह एक खाली पड़े शौचालय में मृत मिला था। वह घटना से एक दिन पहले शाम को लापता हो गया था।

**जखीरा से पकड़ा गया :** पीड़ित बच्चे के परिवार ने आरोप लगाया कि उसके पेट पर चोट के दो निशान थे, जो काटने के जैसे लग रहे थे। चेहरे पर भी कुछ निशान थे - मुंह और माथे के आसपास। डिप्टी पुलिस कमिश्नर (सेंट्रल) हर्षवर्धन ने बताया कि आरोपी को पश्चिमी दिल्ली के जखीरा से पकड़ा गया। जांच के दौरान पुलिस ने बताया कि इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज चेक किए गए और इलाके में गुप्त मुखबिरों को तैनात किया गया। उन्होंने बताया, 26 जुलाई को सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करते समय एक नाबालिग संदिग्ध की पहचान हुई। टीम ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए तुरंत आरोपी की हरकत का पता लगाया और रात करीब 9 बजे नाबालिग को जखीरा फ्लाईओवर से टीम ने पकड़ लिया।

**तांत्रिक क्रिया के लिए हत्या :** पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान लड़के ने अपना अपराध कबूल कर लिया है। डीसीपी ने कहा, उसकी निशानदेही पर, घटना के समय पीड़िता ने जो चूड़ियाँ पहनी थीं, उन्हें बरामद किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अपराध का मकसद बिल्कुल साफ नहीं है, क्योंकि नाबालिग ने कहा कि वह अलौकिक शक्तियों के प्रभाव में था। मासूम के शव का वीडियो दिखाते हुए उसके 28 साल के पिता ने बताया कि उसके पेट के दाहिने हिस्से पर दो चोटें थीं। उन्होंने कहा, उसके माथे के बीच में एक लाल निशान था, जिससे हमें लगा कि जिसने भी उसका अपहरण किया है, उसने किसी तांत्रिक क्रिया के लिए ऐसा किया है और उसकी बलि दी है।

**मासूम को दांतों से काटा, खून पिया :** पीड़ित की 22 साल की मौसी ने बताया कि जब आरोपी को पकड़ा गया तो वे पुलिस स्टेशन गए थे और वह ऐसे बयान दे रहा था जिससे उन्हें विश्वास हो गया कि उनका शक सही था। मौसी ने बताया, उसने कहा कि उसके 'आका' (गुरु) ने उसे सात बच्चों की बलि देने का आदेश दिया था और यह पहला था। उसने बताया कि बाबा ने उससे वादा किया था कि वह यदि ऐसा करेगा तो इससे उसकी शक्ति बहुत बढ़ जाएगी। इसलिए उसने बच्चे का अपहरण किया, उसे झाड़ियों में ले गया।

## यीडा ने गुड न्यूज संग दी यह राहत, ग्रुप हाउसिंग समेत 4 योजनाएं आएंगी


**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में अब आवासीय के अलावा संस्थागत, औद्योगिक और कॉमर्शियल प्लॉटों पर भवनों का नक्शा पास कराने के लिए आवंटियों को प्राधिकरण के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अब एक अगस्त से सभी श्रेणियों में नक्शे ऑनलाइन पास होंगे। प्राधिकरण ने भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम (बीपीएमएस) तैयार कर लागू कर दिया है। आवासीय भवनों के मानचित्र तो 15 जुलाई से ऑनलाइन पास हो रहे हैं। प्राधिकरण की वेबसाइट से आर्किटेक्ट काउंसिल ऑफ इंडिया को भी जोड़ा गया है। आवासीय सेक्टर-16, 17, 18, 20, 22ए और 22डी की संपत्तियों का पूरा डेटा पूर्व में तैयार कर चुका है। सभी आवंटियों को यूजर आईडी उपलब्ध कराई गई है। यूजर आईडी का इस्तेमाल कर यमुना सिटी के करीब 34,000 आवंटी प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं।

लिंक पर आवंटी मानचित्र स्वीकृति की ऑनलाइन फीस जमा कर आवेदन कर सकते हैं। बीते 15 दिनों में 200 से अधिक आवासीय व औद्योगिक प्लॉटों पर नक्शे ऑनलाइन पास हुए हैं। दस्तावेज सही होने पर पोर्टल से नक्शे पास के लिए ज्यादा से ज्यादा तीन घंटों



का समय लग रहा है। इससे आवंटियों की राह काफी आसान हो गई हैं। अब तक यह प्रक्रिया ऑफलाइन होती थी, जिससे आवंटी विभागों के चक्कर लगाने को मजबूर थे, लेकिन अब यह समस्या बिल्कुल खत्म हो गई है। ईमेल पर जानकारी मिलेगी नक्शे के लिए आवेदन करने के बाद यदि दस्तावेज में किसी भी प्रकार की दिक्कत होती हैं तो पोर्टल से आवंटी की ईमेल आईडी पर जानकारी चली जाएगी। साथ ही उसे उक्त दस्तावेज में क्या सुधार करना है इसकी भी जानकारी मिलेगी। प्रत्येक समस्या को 15 दिन में हल करना आवश्यक होगा। कितनी समस्याएं या कार्य लंबित पड़े हैं, उनकी मानेटरिंग स्वयं ओएसडी कर सकेंगे। यीडा क्षेत्र में ग्रुप हाउसिंग समेत चार योजनाएं आएंगी यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-17, 18 और 22डी में ग्रुप हाउसिंग और अस्पताल समेत चार अलग-अलग भूखंड योजनाएं आने वाली है। गुरुवार से इन योजनाओं में आवेदन शुरू होने की भी उम्मीद है। यीडा के सीईओ अरुणवीर सिंह ने बताया कि ग्रुप हाउसिंग के लिए अब 19 भूखंडों पर योजना शुरू होगी। इनमें छोटे व बड़े हर प्रकार के भूखंड रहेंगे। ग्रुप हाउसिंग परियोजना में करीब 25 हजार फ्लैट बन सकेंगे। बताया गया कि 2011 के बाद प्राधिकरण ग्रुप हाउसिंग की यह पहली योजना शुरू करने जा रहा है।

पेरिस ओलंपिक



# 6 और 8 अगस्त को एक्शन में नजर आएंगे नीरज चोपड़ा

- नीरज चोपड़ा क्या फिर से जीत पाएंगे गोल्ड मेडल?

**पेरिस, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत को अपने स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा से बड़ी उम्मीद है। नीरज ने टोक्यो ओलिंपक 2018 में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता था और एक बार फिर से उनसे पेरिस में भी बड़ी उम्मीद है। नीरज चोपड़ा अगर इस बार भी गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हो जाते हैं तो वो इतिहास रच देंगे। आपको बताते हैं कि नीरज चोपड़ा किस दिन मैदान पर नजर आएंगे।

भारत की तरफ से ओलिंपिक इतिहास में गोल्ड मेडल जीतने वाले सिर्फ दो खिलाड़ी हैं जिसमें एक अभिनव बिंद्रा हैं तो दूसरे नीरज चोपड़ा हैं। वहीं भारत की तरफ से अब तक किसी भी खिलाड़ी ने दो गोल्ड मेडल ओलिंपिक में नहीं जीते हैं, लेकिन नीरज का जिस तरह का प्रदर्शन रहा है ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वो भारत के लिए ओलंपिक में दो गोल्ड मेडल जीतने का कमाल कर सकते हैं। नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक में 6 अगस्त को मैदान पर क्वालिफिकेशन राउंड में उतरेंगे। इसमें अगर वो फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाते हैं तो फिर 8 अगस्त को एक्शन में दिखेंगे। 8 अगस्त को मेन्स जैवलिन थ्रो की शुरुआत भारतीय समय के मुताबिक दिन के 11.55 बजे होगी।

इतिहास रचने के करीब हैं नीरज चोपड़ा

नीरज चोपड़ा अगर 8 अगस्त को मेन्स जैवलिन थ्रो इवेंट में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत जाते हैं तो वो इस प्रतियोगिता में अपने टाइटल का बचाव करने वाले वर्ल्ड के 5वें एथलीट बन जाएंगे। यही नहीं वो ओलिंपिक में लगातार दो गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी बन जाएंगे। नीरज चोपड़ा से पहले जैवलिन थ्रो इवेंट में एरिक लेमिंग (स्वीडन- 1908 और 1912), जॉनी मायरा (फिनलैंड- 1920 और 1924), जान जेलेजनी (चेक गणराज्य- 1992, 1996 और 2000) और एंड्रियास थोरकिल्डसन (नॉर्वे- 2004 और 2008) ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंनेअपने खिताब का बचाव किया था।

# टेबल टेनिस के कड़े मुकाबले में स्टार मनिका बत्रा को मिली हार

- टूट गया मेडल का सपना



**पेरिस, एजेंसी।** भारत की स्टार टेबल टेनिस प्लेयर मनिका बत्रा पेरिस ओलंपिक 2024 में एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में जापान की मियू हिरानो से 1-4 से हारकर बाहर हो गईं। लेकिन उन्होंने मुकाबले में जापान की मियू हिरानो को कड़ी टक्कर दी। अंत में बाजी जापानी के खिलाड़ी के हाथ लगी। मनिका को 47 मिनट तक चले अंतिम 16 के मुकाबले में हिरानो ने 11-6, 11-9, 12-14, 11-8, 11-6 से शिकस्त दी। मनिका ने दो गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए तीसरे गेम में 14-12 से जीत दर्ज की। लेकिन इसके बाद इस लय को जारी नहीं रख सकी और अगले दो गेम गंवाकर बाहर हो गईं।

### पहले दो गेम हारने के बाद मनिका ने की थी वापसी

मनिका बत्रा ने पहला गेम 11-6 से गंवा दिया था। इससे वह 0-1 से पिछड़ गईं। पहले गेम में उनके पास बढ़त लेने का चांस था, लेकिन वह दबाव में आ गईं और गलतियां कर बैठीं। दूसरे गेम में भी पहले गेम जैसी ही कहानी दोहराई गई। जब वह उन्होंने 11-9 से गेम गंवा दिया। उनके पास लीड लेने का मौका था, लेकिन वह चूक गईं। मनिका बत्रा ने तीसरे गेम में बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। शुरुआत में ही लीड ले ली थी। लेकिन इसके बाद हिरानो ने लीड बराबर कर दी। एक समय पर दोनों ही प्लेयर्स गेम जीतने की कगार पर थीं। पर अंत में बाजी मनिका के हाथ लगी। उन्होंने 14-12 से गेम जीत लिया। उन्होंने चौथे और पांचवें गेम में भी हिरानो को टक्कर दी। लेकिन जापानी प्लेयर के अनुभव के आगे मनिका टिक नहीं पाईं। उन्होंने मैच 4-1 से गंवा दिया और उनसे मेडल की उम्मीद टूट गई।

इंडिया वर्सेस श्रीलंका

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से दो और खिलाड़ी बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज से पहले श्रीलंका की पेस बैटरी डाउन हो गई है। दो और तेज गेंदबाज भारत के खिलाफ एकदिवसीय मैचों से बाहर हो गए हैं। मथीशा पथिराना को कंधे में परेशानी और दिलशान मदुशंका को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है। श्रीलंका को दुष्मंथा चमीरा के भी सेवाएं नहीं मिलनी हैं, जो बीमारी के कारण बाहर हैं। इसके अलावा नुवान तुषारा के अंगूठे में फ्रैक्चर है। ये दोनों खिलाड़ी टी20 में भी नहीं खेले थे।








# वाह! भारत को मिल गए तेंदुलकर-गांगुली

## ये दोनों हैं विराट कोहली-रोहित शर्मा जैसे खतरनाक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक समय था जब भारतीय टीम के लिमिटेड क्रिकेट फॉर्मेट में महान सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली का सिक्का चलता था। इस ओपनिंग जोड़ी से दुनिया का हर गेंदबाज कांपता था। दाएं और बाएं हाथ के ओपनरों की इस तरह की जोड़ी फिर भारत को नहीं मिली।

गौतम गंभीर और वीरेंद्र सहवाग सीन में जरूर आए, लेकिन बहुत समय तक नहीं रहे। कुछ ऐसा ही देखने को मिला शिखर धवन और रोहित शर्मा के साथ। हालांकि, अब इस तरह की कामयाब जोड़ी बनती दिख रही है। जी हां, हम बात कर रहे हैं शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बारे में। इस महीने की शुरुआत में भारत को टी20 इंटरनेशनल में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के रूप में एक नई ओपनिंग जोड़ी मिली। इस जोड़ी को रोहित शर्मा और विराट कोहली की स्टार बल्लेबाजी जोड़ी की जगह लेने की जिम्मेदारी है, जिन्होंने पिछले महीने टीम के विजयी टी20 विश्व कप अभियान में भारत के सभी मैचों में ओपनिंग की थी।

श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में को भारत की शानदार 3-0 की जीत दिलाई और इस जोड़ी में भारतीय क्रिकेट विशेषज्ञों को भविष्य दिखने लगा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि इस जोड़ी ने भारत को शुरुआती टी20 में आक्रामक शुरुआत दी। पहले छह ओवरों में 74 रन बनाए और टीम के लिए जबरदस्त फाउंडेशन तैयार किया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के दौरान दो मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया जहां गिल ने टीम की अगुआई की थी। भारत के पूर्व बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने अब युवा ओपनिंग जोड़ी की काफी प्रशंसा की है और सौरव गांगुली-सचिन तेंदुलकर की महान जोड़ी से उनकी तुलना की है।

# कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के करीब

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लगभग एक महीन के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मैदान पर नजर आने वाले हैं। भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज की शुरुआत 2 अगस्त से होगी और इस वनडे सीरीज में विराट कोहली का जलवा क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिलेगा। वहीं इस सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 अगस्त जबकि तीसरा मैच 7 अगस्त को खेला जाएगा। विराट कोहली के लिए टी20 वर्ल्ड कप 2024 ज्यादा अच्छा नहीं रहा था, लेकिन फाइनल मुकाबले में उन्होंने भारत के लिए उपयोगी पारी खेली थी और भारत को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी।

कोहली ने भारत के चैंपियन बनने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। हालांकि वो भारत के लिए अभी टेस्ट और वनडे खेलते रहेंगे। कोहली श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में खेलेंगे और इस दौरान उनके पास इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,000 रन पूरा करने का शानदार मौका होगा।

विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने के करीब पहुंच गए हैं और श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के दौरान वो आसानी से रन के इस आंकड़े को छू सकते हैं। इंटरनेशनल क्रिकटे में विराट कोहली ने 530 मैचों में अब तक 26,884 रन बनाए हैं और वनडे सीरीज के दौरान वो जैसे ही 116 रन बना लेंगे वो रन के इस आंकड़े (27,000) तक पहुंच जाएंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट में कोहली से पहले 27,000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर, कुमार संगकारा और रिकी पोंटिंग हैं।

**इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप 5 बल्लेबाज**

सचिन तेंदुलकर – 34,357 रन
कुमार संगकारा – 28,016 रन
रिकी पोंटिंग – 27,483 रन
विराट कोहली – 26,884 रन
महेला जयवर्धने – 25,957 रन

# दीप्ति शर्मा की घर वापसी, बंगाल का साथ छोड़ अब उत्तर प्रदेश से खेलेंगी क्रिकेट



**नईदिल्ली , एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा ने आगामी घरेलू सत्र से पहले बंगाल का साथ छोड़ दिया है। वह अब अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करती दिखेंगी। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल से उन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी मिल गया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी मिलने के कारण दीप्ति ने यह फैसला लिया है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने दीप्ति शर्मा को लेकर स्पोर्टस्टार को बताया, दीप्ति को उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी मिल गई है और इसलिए वह वहां शिफ्ट होना चाहती थीं। हमने पहले ही उसे एनओसी जारी कर दी है। इसी साल जनवरी में दीप्ति को उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद से सम्मानित किया था। भारत की महिला क्रिकेट टीम की प्रमुख सदस्य दीप्ति कुछ साल पहले झूलन गोस्वामी और मिठू मुखर्जी के कहने पर उत्तर प्रदेश से बंगाल चली गई थीं।

पिछले साल खबरें आई थीं कि वह बंगाल टीम को छोड़ने वाली हैं। हालांकि, सीएबी अधिकारियों ने उन्हें बंगाल के साथ बने रहने के लिए लिए मना लिया था। गांगुली के मुताबिक, दीप्ति के रिप्लेसमेंट के तौर पर किसी बाहरी खिलाड़ी को साइन किया जाए या नहीं, इस पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

# साउथ अफ्रीका-अफगानिस्तान के बीच पहली बार होगी क्रिकेट सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन टीम को फाइनल में भारत के खिलाफ 7 रनों से हार झेलनी पड़ी थी। पिछले कुछ समय से साउथ अफ्रीका ने क्रिकेट की दुनिया में अच्छा प्रदर्शन किया है। अब साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच 18 सितंबर से शारजाह में तीन वनडे मैचों की सीरीज होगी। दोनों टीमों के बीच ये पहली बाइलेटरल सीरीज होगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच एक भी बाइलेटल सीरीज नहीं हुई है।

**दोनों टीमों के बीच हुए हैं अभी तक सिर्फ दो वनडे मैच:** बाइलेटल सीरीज से ही दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी करना चाहेंगे। साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ सिर्फ दो एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिसमें हर बार बाजी साउथ अफ्रीका ने मारी है। दोनों ही मैच वनडे वर्ल्ड कप में हुए थे। एक साल 2019 में और दूसरा 2023 में। दोनों टीमें हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप 2024



के सेमीफाइनल में आपस में भिड़ी थीं, तब अफ्रीकी टीम ने जीत दर्ज की थी। क्रिकेट साउथ अफ्रीका के चेयरमैन चेयरमैन लॉसन ने कहा कि हम अफगानिस्तान के साथ इस ऐतिहासिक वनडे सीरीज को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। अफगानिस्तान अपने हालिया प्रदर्शन से एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी टीम बन गई है। उन्होंने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 और टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अच्छा प्रदर्शन किया है।

यह हमारे क्रिकेट संबंधों को मजबूत करने के लिए एक अहम पल होगा। हम एक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक सीरीज की उम्मीद करते हैं।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मीरवाइज अशरफ ने कहा कि ये मैच शुरू में हमारे एफटीपी का हिस्सा नहीं थे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका में अपने समकक्षों के साथ हमारी बातचीत के आधार पर, हमने निष्कर्ष निकाला कि हम सितंबर में वनडे सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेंगे।

आईपीएल 2025

# काव्या मारन नियमों से नाराज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई आईपीएल मेगा ऑक्शन के लिए तैयार है. ऐसा माना जा रहा है कि आईपीएल 2025 से पहले मेगा ऑक्शन संभव है. लेकिन अब तक मेगा ऑक्शन पर आईपीएल टीमों की समान राय बन नहीं सकी है. दरअसल, इस पर आईपीएल मालिकों की राय अलग-अलग है. इसके अलावा आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम समेत कई अन्य मसलों पर बीसीसीआई और टीमों के मालिक आमने-सामने है. वहीं, अब सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन की नाराजगी सामने आई है.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन नियमों से बेहद नाखुश हैं. क्रिकबज की खबर की मानें तो काव्या मारन ने बीसीसीआई के साथ टीम मालिकों की बैठक के बाद नियमों पर नाराजगी जताई. काव्या मारन ने कहा कि टीम बनाने में लंबा वक्त लगता है, इससे पहले काफी मंथन करना पड़ता है, युवा खिलाड़ियों पर निवेश करना होता है, युवा खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में वक्त लगता है.

ऐसे में मेगा ऑक्शन ठीक ठीक नहीं है, क्योंकि ऑक्शन में आपके खिलाड़ी ऑक्शन में दूसरी टीमों का हिस्सा बन जाते हैं. जबकि इससे पहले आप उन युवा खिलाड़ियों पर निवेश करते हैं. इसके बाद काव्या मारन सनराइजर्स हैदराबाद के युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा का उदाहरण देती हैं. काव्या मारन कहती हैं कि अभिषेक शर्मा को तैयार



करने में 3 साल का वक्त लगा. इस खिलाड़ी को हमने 3 साल तक तैयार कर बेहतर बनाया.

अब अभिषेक शर्मा हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इसके पीछे हमारी मेहनत है. उन्होंने कहा कि अभिषेक शर्मा इकलौते उदाहरण नहीं हैं, इस तरह के उदाहरण आपको बाकी टीमों में भी मिल जाएंगे. लिहाजा, सनराइजर्स हैदराबाद की मालकिन काव्या मारन मेगा ऑक्शन की पक्षधर नहीं हैं.

# सी एम राइस विद्यालय पन्ना में नहीं है अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक

## अतिथि शिक्षकों के माध्यम से होगी पढाई, छात्र छात्राओ का भविष्य अंधकारमय

**पन्ना।** सरकार द्वारा करोड़ो रूपये खर्च कर पूरे प्रदेश में सीएम राईस विद्यालय खोल दिये गये है। लेंकिन उक्त विद्यालयों मे योग्य शिक्षको की भर्ती नही किये जाने से छात्रो का भविष्य अंधकारमय है। सरकार द्वारा घोषणा की गई थी, कि प्रदेश भर में छात्र छात्राओं का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए सीएम राईस विद्यालय खोले जा रहे है जिसमें निजी विद्यालयो से बेहतर शिक्षा व्यवस्था की जायेगी। लेकिन उक्त सीएम राईस विद्यालयों मे शिक्षको की भर्ती नही की गई। वहीं पुराने अन्य विद्यालयों के शिक्षक सीएम राईस विद्यायलयों मे आधे अधूरे पदस्थ किये गये है। जिसमें अनेक विषयां के शिक्षक उपलब्ध नही है साथ ही सभी सीएम राईस विद्यालयों में हिन्दी के साथ साथ अंग्रेजी माध्यम की भी एक साथ कक्षाए प्रारंभ की गई है। लेकिन अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक ही




उपलब्ध नहीं है तो पढाई कैसे होगी। छात्रो के लगभग दो महिना निकल चुके है। उनकी पढाई चौपट है, जिला मुख्यालय में स्थित सीएम राईस विद्यालय के साथ साथ पूरे जिले की यही स्थिती है। विद्यालय के प्राचार्य पटेल जयकरण पटेल ने बताया कि विद्यालय में बारह विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं है। अंगेजी माध्यम में सिर्फ दो शिक्षक पदस्थ है। छात्र संख्या के हिसाब से कम से कम दो दर्जन से अधिक शिक्षक पदस्थ होना चाहीए, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सकें। विद्यालय में साढे सात सौ से अधिक छात्र अध्ययनरत है विद्यालय में हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो माध्यम की कक्षाए प्रारंभ की गई है। इस लिए दोनो माध्यमो के शिक्षको की आवश्यकता है। पर्यात्त शिक्षक न होने के कारण शैक्षणिक कार्य कराने मे परेशानी हो रही है। ज्ञात हो कि पन्ना जिले मे लगभग एक दर्जन सीएम राईस विद्यालय प्रारंभ हो गयें है तथा सभी विद्यालयों के भवन भी तीस से पैतिस करोड़ की लागत से बनाये जा रहे है लेकिन आवश्यक सुविधाए जैसे शिक्षको की पूर्ती, परिवहन व्यवस्था, बेहतर पुस्तकालय, सहित अन्य स्टाप की भी भारी कमी है। जबतक उक्त सभी व्यवस्थाए नही होगी सरकार द्वारा भवन तथा अन्य कार्यो में लगाई जा रही भारी भरकम राशि का कोई औचित्य नही है।

### इनका कहना है

सीएम राईस विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षको की कमी का मामला संज्ञान मे आया है, यह सही है, अभी अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध नही है, जबकी दोनो माध्यम की कक्षाए संचालित हो रही है, जल्द ही अतिथि शिक्षकों की भर्ती में अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक अधिक से अधिक भर्ती किये जायेगें, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित जल्द होने लगेगी।

**सुरेश कुमार कलेक्टर**
**जिला पन्ना**

# कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार मंगलवार को ग्राम पंचायत रमखिरिया, गजना, बृजपुर और सुनहरा पहुंचे। इस दौरान ग्राम पंचायत की जनसुनवाई का निरीक्षण किया और ग्रामवासियों से चर्चा कर आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों को वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर समग्र भूमि ई-केवायसी कराने की सलाह दी। इसके अलावा उपस्थित कर्मचारियों से राजस्व महाअभियान 2.0 के क्रियान्वयन के बारे में पूछा। पंचायत सचिव को कृषकों की ई-केवायसी की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने ग्रामवासियों से स्थानीय स्तर की जनसुनवाई से प्राप्त सुविधा और शासन की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी भी ली। इस मौके पर स्थानीयजनों के साथ पौधरोपण भी किया गया।

# समय से नहीं पंहुची एम्बूलेंस, दो नवजात शिशुओ की मौत

## स्वास्थ विभाग लगातार बना लापरवाह, तीन घंटे तडपती रहीं गर्भवती प्रसूता महिला

**पन्ना।** जिले में स्वास्थ सेवाए लगातार चरमराई हुई है, समय पर ईलाज न मिलने के चलते आये दिन बिना मौत लोगो की जाने जा रही है। सरकार द्वारा लाख दावे किये जा रहे कि हमारा देश आंगे बढ़ रहा है, लोगो को सभी सुविधाए मिल रही है करोडो रूपये सुविधाए उपलब्ध कराने के नाम पर खर्च किये जा रहे है। लेकिन शासकीय सिस्टम उसी प्रकार से चल रहा है, सरकार द्वारा प्रत्येक जिले मे स्वास्थ केन्द्रो में मरीजो को तत्काल लाने ले जाने के लिए 108 एम्बलेंस वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन उसके बावजूद उक्त वाहनो की सेवाए लोगो को समय से नही मिल पा रही है, क्योकि सेवा का संचालन करने वाले लगातार लापरवाह एवं बेईमान बनें हुए है। इसी प्रकार का मामला जिले के शाहनगर विकाशखंड अन्तर्गत उपस्वास्थ केन्द्र रैपुरा के ग्राम बिलपुरा का




प्रकाश मे आया है। जहां पर स्वंय प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र खुला हुआ है, लेकिन उपस्वास्थ केन्द्र मे डॉक्टर एवं स्वास्थ कर्मी पदस्थ होने के बावजूद अक्सर नदारत रहते है। जिसका खामियाजा आमजनता को भुगतना पड़ रहा है। इसी लापरवाही का मामला प्रकाश मे आया है, बिलखुरा ग्राम निवासी प्रभा देवी सेन पति रामसंजीवन सेन उम्र 29 वर्ष गत दिनांक 29 जुलाई 2024 को शाम के प्रसव पीड़ा से चीख चिल्ला रही थी, घर के लोग 108 कॉल सेंटर पर लगातार फोन कर रहे थे। लेकिन काल सेन्टर से बताया जा रहा था कि वाहन आप को जल्द उपलब्ध हो जायेगा। लेकिन तीन घंटे बीत जाने के बावजूद 108 एम्बूलेंस संबंधित स्थान पर नहीं पंहुची जिसके कारण पीडित महिला को जमीन पर ही प्रसव पीड़ा हुई और उसने दो बच्चो को जन्म दिया

चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होने के चलते दोनो जुड़वा बच्चो को कुछ ही समय बाद मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि 108 वाहन के ड्राईबर जो रैपुरा क्षेत्र में एम्बूलेंस चलाते है बिना किसी सूचना के अपने गांव भाग गये थें। जिसके कारण यह स्थिती निर्मित हुई। यह जारी जिम्मेवारी एम्बूलेंस प्रभारी की है, जिसको सतत मानीटिरिंग करनी चाहीए लेकिन आये दिन लापरवाही देखी जा रही है। स्थानीय लोगो ने संबंधित मामले मे दोषियों के खिलाफ अपराध कायम कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# जनसुनवाई में हुआ समस्याओं का निराकरण



**पन्ना।** मंगलवार को तहसील एवं विकासखण्ड मुख्यालय सहित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्परतापूर्वक निराकरण करने की कार्यवाही की गई है। जिले के पांच विकासखण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदनों का बड़ी संख्या में ही मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया। विदित हो कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार स्थानीय स्तर पर ही नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से एक माह पूर्व समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर जनसुनवाई प्रारंभ की गई थी।

आज अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में प्राप्त 137 आवेदनों में से 113 का, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में प्राप्त 266 आवेदनों में से 238 का, शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में प्राप्त 109 आवेदनों में से 96 का और पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में प्राप्त 177 आवेदनों में से 161 का निराकरण आवेदक की उपस्थिति में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा तत्काल किया गया। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में एसडीएम संजय नागवंशी द्वारा आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं।

# वन विभाग द्वारा रास्ता रोके जाने से परेशान ग्रामीणों ने विधायक, कलेक्टर और डीएफओ को दिया ज्ञापन

## परंपरागत रास्ता रोका तो होगा आंदोलन, वन विभाग की कार्य प्रणाली से परेशान ग्रामीणों में आक्रोश


**पन्ना।** पन्ना में वन विभाग द्वारा ग्रामीणों के साथ ज्यादती कोई नई बात नहीं है आए दिन ट्रैक्टर पकड़ लेना, खेत की जुताई रोकना और गलत तरीके से लोगों पर च्च्त् फाड़ कर परेशान करना यह तो आम बात थी अब ग्रामीणों का सार्वजनिक रास्ता रोके जाने का मामला प्रकाश में आया है ग्राम पंचायत कीरतपुर के ग्रामीणों ने आज जाकर पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, डीएफओ एवं कलेक्टर को ज्ञापन सोपा है क्योंकि चंडीदाई मंदिर के पास वृक्षारोपण के नाम पर वन विभाग ने रास्ता रोक दिया है जिससे ग्रामीण अपने खेतों और



मंदिर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं भाजपा नेता रामबाबू गौतम के नेतृत्व में 200 ग्रामीणों ने पन्ना पहुंचकर पहुंच कर पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह को अपना दर्द सुनाया कहा कि वन विभाग रास्ते से गुजरने से रोक रहा है हम लोग अपने खेतों तक नहीं जा पा रहे हैं और खेती का कार्य नहीं कर पा रहे हैं, इतना ही नहीं ग्रामीणों ने बताया कि ऐतिहासिक चंडीदेवी मंदिर का भी रास्ता रोक दिया गया है जिससे हम लोग पूजा अर्चना करने नहीं पहुंच पा रहे हैं, बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि यदि हमारा रास्ता नहीं खोला गया तो हम लोग आंदोलन करेंगे और इसकी जो भी जिम्मेदारी होगी प्रशासन की होगी। रामबाबू गौतम ने बताया कि यह पूर्वजों के समय से चला आ रहा रूढ़िवादी रास्ता है इस परंपरागत रास्ते को रोकने का किसी को अधिकार नहीं है हम लोग अपने खेतों में खेती करने जाते हैं तो वन विभाग के लोग धमकियां दे रहे हैं जो गलत है, वन विभाग की इस व्यवहार से हम लोग बहुत दुखी हैं ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से रामबाबू गौतम, रामप्रताप यादव, बाबा दीन पाल, महिपाल यादव बब्बू पांडा, बहादुर लोधी, रामबाबू लोधी राजकरण, अमृतलाल अहिरवार, रंपरा प्रताप यादव अखिल श्यामलाल राम विशाल अशोक बाबा दिनपाल चंगू मुलायम लोध रामनरेश पाल शर्मा धीरज सिकंदर, साधु लाल,ललकचंद छोटेलाल, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

# विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

**पन्ना।** विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस पर शहर के शासकीय हाई स्कूल कुंजवन विद्यालय पन्ना मे संकल्प समाज सेवी संस्था, पन्ना एक्सेस टू जस्टिस परियोजना के अन्तर्गत एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे विद्यालय के बच्चो शिक्षकों, व उपस्थित अतिथियों के मौजूदगी में कार्यकम का शुभारंभ माता सरस्वती को स्मरण कर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम मे पन्ना जिले के अजाक्स थाना के डी.एस.पी. राजेन्द्र मोहन दुवे द्वारा मानव तस्करी, पॉक्सो एक्ट, साइबर काइम के बारे मे



जानकारी दी तथा बालिकाएँ अपनी सुरक्षा कैसे करे इसके बारे मे बताया व साथ ही पुलिस विभाग से उपस्थित एस.जे.पी.यू. से राघवेन्द्र त्रिपाठी द्वारा बच्चो को पुलिस कैसे काम करती है तथा बच्चे पुलिस से कैसे मदद प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग से अनुप सिंह के द्वारा साइबर काइम के तहत सोशल मीडिया से जुडे काइम के बारे में बताया व सोशल मीडिया फेसबुक, बाटसअप, इंस्टाग्राम मे बच्चे कैसे दूसरे लोगो के संपर्क में आ जाते है और किस तरह से हिंसा के शिकार होते इस संबंध में जानकारी देते हुये सुरक्षात्मक उपायों के बारे में बताया। इसके पश्चात संकल्प संस्था से जिला समन्वयक राजेन्द्र विश्वकर्मा के द्वारा बच्चों से बाल सुरक्षा और बाल तस्करी के संबंध में विस्तार से बताया गया। तत्पश्चात् काउंसलर रामनिवास खरे के द्वारा बाल विवाह के विषय पर जानकारी दी गयी। उपरोक्त कार्यक्रम मे पुलिस विभाग जिला पन्ना शासकीय हाई स्कूल कुंजवन विद्यालय के प्राचार्य पी.एल. साहू, शिक्षक व विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।

# जिले में 483.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**पन्ना।** पन्ना जिले में 01 जून से 30 जुलाई 2024 तक 483.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अब तक वर्षामापी केन्द्र पन्ना में 484.7 मिमी, देवेन्द्रनगर में 314.2 मिमी, गुनौर में 466.3 मिमी, अमानगंज में 535.9 मिमी, पवई में 633 मिमी, सिमरिया में 544.2 मिमी, शाहनगर में 393.2 मिमी, रैपुरा में 542 मिमी और अजयगढ़ में 434.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है।

# मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर दी लाड़ली बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर की एक और बड़ी सौगात

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को मिलेगा दो-दो लाख रूपए का बीमा कवर

**पन्ना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहनों को एक और बड़ी सौगात दी गई है। लाड़ली बहनों के खाते में एक अगस्त को राखी के लिये 250 रूपये अंतरित किये जायेंगे। इसके अलावा उज्वला गैस कनेक्शनधारी लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर मात्र 450 रूपये में उपलब्ध कराया जाएगा। गैस रिफिलिंग की शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। मंगलवार को भोपाल में कैबिनेट बैठक में इसकी स्वीकृति दे दी गई है।

इसके अलावा आंगनवाड़ी और पोषणाहार से जुड़ी बहनें अर्थात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बहनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का कवर देने का निर्णय भी मंत्रिपरिषद द्वारा किया गया है। सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दो-दो लाख रूपए का बीमा कवर देने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य सरकार द्वारा कोई जनहितैषी योजना बंद नहीं की जाएगी। जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक सुलभ बनाने तथा जनसामान्य के हित संवर्धन की दृष्टि से समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सभी वर्गों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये आवश्यकतानुसार नई योजनाएं भी संचालित की जाएंगी।

# मुनीम के साथ लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

## पुलिस अधीक्षक ने किया मामला का खुलासा

**पन्ना।** बिगत 10 जुलाई को सलेहा थाना अन्तर्गत एक किराना व्यापारी के मुनीम के साथ लूट की घटना को अंजाम देते हुए चार लाख लूटकर आरोपी फरार हो गये थें। उक्त घटना का खुलासा पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा एस. थोटा ने बताया कि आरोपीयों द्वारा थोक किराना व्यापारी अनिल तिवारी के मुनीम राकेश विश्वकर्मा जो क्षेत्र में किराना दुकानो से उधारी का पैसा लगभग चार लाख रूपेय लेकर देवेन्द्र नगर आ रहा था। उसी दौरान आरोपीयो द्वारा मुनीम की बैगरआर वाहन को रोककर सीसा में पत्थर मारकर तोड दिया था तथा उसकी चाभी निकालकर मारपीट करते हुए रूपयो से भरा बैग छीन लिया गया था। उक्त मामले की शिकायत पीड़ित ने किराना व्यापारी के साथ पंहुचकर सलेहा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के



विरूद्ध लूट का अप.क्र. 196/24 धारा 309(6) बी एन एस कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर 04 संदेही व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पूँछताछ पर उक्त संदेही व्यक्तियों द्वारा अपना अपना फैजान मोहम्मद पिता शेख मोहम्मद 19 वर्ष भटिया, विक्की उर्फ राज पठान पिता इंसाफ पठान उम्र 25 निवासी भटिया, साहिल उर्फ शैलू सिंह परिहार पिता सूरत सिंह उम्र 20 निवासी बसौरा गुनौर, संजू उर्फ सूर्यप्रताप पिता लक्ष्मण सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी रीछुल थाना जसो जिला सतना बताया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसमें एक आरोपी की भूमिका नजर आ रही है जो अभी फरार है। पुलिस ने आरोपीयो के कब्जे से एक लाख 36 हजार नगद, 02 मोटर साइकिल 01 मोबाइल, बरामद किया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि सरिता तिवारी, सउनि शिवेन्द्र सिंह, आर. सतीश श्रीवास, दीपक सोनकिया, हरी गोविन्द सिंह आदि।

# डॉ. राजपूत के खिलाफ दर्ज किये गये फर्जी प्रकरण तथा स्थानांतरण को लेकर अजयगढ़ क्षेत्र के ग्रामीणो में भारी आक्रोश

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना।** पन्ना जिले के अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में पदस्थ रहें तत्कालीन बीएमओ डॉ. केपी राजपूत का राजनैतिक षडयंत्र के चलते स्थानांतरण किया गया तथा उसके बाद उनके खिलाफ मनमाने ढंग से आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया गया। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगो ने प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि एसडीएम संजय नागवंशी को ज्ञापन सौपकर मामले की निश्पक्ष जांच कराये जाने की मांग की है तथा राजपूत के उपर लगें फर्जी मामले को भी वापिस लेने का अनुरोध किया है। लोगो ने बताया कि अजयगढ़ क्षेत्र में मात्र एक ही डॉक्टर था जो लगातार अपनी सेवाए करोना काल मे भी देते रहें। उसके बावजूद षडयंत्र पूर्वक उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया तथा स्थानान्तरण कराया गया। उक्त मामले मे अजयगढ क्षेत्र के सर्वदलीय और सर्व समाज के लोगों ने एक स्वर में आरोप लगाया कि सत्ता के नशे में चूर लोगों ने डॉ. राजपूत को दुर्भावनावश प्रताड़ित



करने की मंशा से उनका अजयगढ़ से स्थानांतरण कराया और फिर गवन का मामला गढ़कर फर्जी एफआईआर दर्ज कराई गई। ज्ञापन सौंपने आये लोगो ने डॉ. राजपूत के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित करते हुए एलान किया है कि यदि शीघ्र ही उनके विरूद्ध दर्ज फर्जी एफआईआर निरस्त नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। साथ ही सत्ता का दुरूप्रयोग कर लोगों को प्रताडित करने वालों को वोट की ताकत से करारा जवाब दिया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के आमजन शामिल रहे। ज्ञात हो कि डॉ. केपी राजपूत योग्य ईमानदार एवं मिलनसार चिकित्सक है। वर्ष 2022 में उनके विरूद्ध फर्जी शिकायत की गई थी जिसकी जांच में अधिकांश आरोप पूर्णत: असत्य एवं निराधार पाये गये थे। सिर्फ मजदूरो से सफाई के अतिरिक्त अन्य कार्य करवाने के मामले में लापरवाही सामने आई थी। बाद में डॉ. राजपूत के प्रति दुर्भावना रखने वाले सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधि ने कथितौर पर उनके आधिनस्थ कर्मचारी लेखा वीरेन्द्र चौधरी पर दबाव बनाकर भोजन के बिल भुगतान के संबंध में झूठे बयान दिलाकर एफआईआर दर्ज करवा दी गई। सुनियोजित साजिस के तहत पूर्व में डॉ. राजपूत का जिले के बाहर स्थानांरण कराना एवं उनके विरूद्ध आधा दर्जन धाराओं में शासकीय राशि के गवन की कथित फर्जी एफआईआर कराये जाने से अंचल के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त ज्ञापन देने वालो मे वरिष्ठ अधिवक्ता शारदा प्रसाद सिंगरौल ने डॉ0 के ऊपर दर्ज फर्जी एफआईआर को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि ईमानदार डॉ. को जल्द ही इंसाफ नहीं मिला तो अजयगढ़ में बृहद आंदोलन किया जायेगा। इसी प्रकार कांग्रेस नेता भरत मिलन पाण्डेय ने डॉ. राजपूत के स्थानांरण को लेकर पन्ना के भाजपा विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का नाम लिये बगैर उन पर जमकर हमला बोला। कांग्रेस नेता पाण्डे ने कहा कि जिस जिले में व विकासखण्ड में डॉक्टरों के 80 फीसदी से अधिक रिक्त पद पड़े है। वहां से एक योग्य डॉ. को स्थानांतरित करवाकर सत्ताधारी दल के जनप्रतिनिधि ने क्षेत्र की जनता को तकलीफ को बढ़ाने का काम किया है। किसान नेता जयराम यादव ने कहा कि डॉ. राजपूत को झूठे मामले में फंसाये जाने की न्यायिक जांच कराकर दर्ज एफआईआर को निरस्त किया जाये। किसान नेता कमलेश पटेल बाबा ने कहा कि पन्ना विधानसभा क्षेत्र में पहली बार लोगों को चिन्हित करके प्रताड़ित करने का काम सुनियोजित तरीके से किया जा रहा है यह अत्यंत ही आपत्तिजनक और असहनीय है। सभी नें एक स्वर में कहा कि यदि उक्त मामले पर विचार नही किया गया तो अजयगढ क्षेत्र से हजारो की संख्या मे लोग जिला मुख्यालय पंहचुकर बड़ा आन्दोलन करेगें।

उप मुख्यमंत्री ने अपने रीवा प्रवास के दौरान निज आवास में आमजनों की समस्याएं सुनी। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।



# रीवा से गोविंदगढ़ रेल मार्ग बन गया है, शीघ्र ही रेल गोविंदगढ़ तक जाएगी : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने सतना से सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि रीवा से गोविंदगढ़ तक का रेलमार्ग बन चुका है। इस मार्ग पर रेल चलाने के लिए रेलवे मंत्रालय को अनुमति पत्र भेजा जा चुका है। वहाँ से अनुमति प्राप्त होते ही रेल गोविंदगढ़ तक जाने लगेगी। श्री शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ से सीधी रेलमार्ग को आगामी वर्ष जून 2025 तक पूरा करा लिया जायेगा और 25 जून 2025 तक सीधी तक भी रेल पहुंच जायेगी। श्री शुक्ल ने सतना से सिंगरौली रेल परियोजना की समीक्षा की। रीवा कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्रा, पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय सहित प्रशासनिक एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उप मुख्यमंत्री ने सतना से सिंगरौली रेल परियोजना की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण परियोजना विन्ध्य क्षेत्र की लाइफलाइन है। इसके बन जाने से विन्ध्य का सीधा जुड़ाव कलकत्ता से हो जाएगा और यह क्षेत्र औद्योगिक कॉरिडोर से जुड़कर और अधिक प्रगति कर सकेगा। यह रेलवे लाइन विन्ध्य क्षेत्र के विकास के मार्ग को प्रशस्त करने की एक महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशासन व रेलवे के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य में आने वाली अड़चनों को दूर करें। संयुक्त रूप से भ्रमण कर वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए परियोजना मार्ग की बाधाओं को तत्परता से निराकृत कराएं। श्री शुक्ल ने कहा कि रेलवे मार्ग में आने वाली वन भूमि की उपलब्धता के लिए शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही करें ताकि सीधी से सिंगरौली मार्ग में आने वाली वन भूमि में रेलवे लाइन का



काम आगे बढ़ सके। उन्होंने सभी टनल्स तथा नदियों में बनने वाले पुलों के टेण्डर कराकर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए तथा सीधी के रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने हेतु रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि परियोजना के लिए चयनित भूमि में धारा 19 व धारा 23 के प्रकाशन की कार्यवाही कराकर शीघ्रता से संबंधितों को मुआवजा भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। श्री शुक्ल ने सिंगरौली जिले की राजस्व टीम व रेलवे टीम का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर कार्य की प्रगति को लगातार अपडेट करने के निर्देश दिए तथा कहा कि इस ग्रुप में उन्हें और महाप्रबंधक को भी जोड़ें। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रयास यह होगा कि सिंगरौली तक की रेलवे लाइन भी आगामी वर्ष के जून या जुलाई माह तक पूरी हो जाए ताकि यह परियोजना अपनी पूर्णता को प्राप्त कर सके। उप मुख्यमंत्री ने रीवा-सतना दोहरीकरण परियोजना में आ रहे व्यवधान को समन्वय बनाकर दूर किए जाने के निर्देश बैठक में दिए। बैठक में सांसद सीधी डॉ राजेश मिश्र ने सीधी जिले में रेलवे लाइन की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने सिंगरौली-भोपाल एवं सिंगरौली-दिल्ली रेल को प्रति दिवस चलाए जाने की माँग की। इस अवसर पर कलेक्टर रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि रीवा से गोविंदगढ़ रेलमार्ग की बाधाएं दूर की जा चुकी हैं। कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि रीवा-सीधी प्रखण्ड में लंबित धारा 19 एवं धारा 23 की कार्यवाही शीघ्र संपादित कराकर मुआवजा वितरण व अन्य अनुमतियाँ दी जा रही हैं। इस अवसर पर रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि सीधी जिले में सोन नदी पर बन रहा रेलवे पुल जून 2025 के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। सीधी से सिंगरौली मार्ग पर अर्थ वर्क व पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं।

बैठक में महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल शोभना बंदोपाध्याय ने कहा कि प्रशासन के सहयोग से रेलवे परियोजना में प्रगति आएगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के मार्गदर्शन में परियोजना अंतर्गत आ रही बाधाओं को समन्वय बनाकर दूर किया जाएगा और विन्ध्य क्षेत्र व रेलवे की इस महत्वपूर्ण परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास तत्परता से किए जाएंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ रवीन्द्र वर्मा, डीआरएम विवेक शील, वन मण्डलाधिकारी रीवा एवं सीधी, अपर कलेक्टर सीधी सहित उपायुक्त राजस्व डीएस सिंह, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय व रेलवे के निर्माण शाखा के अधिकारी उपस्थित रहे। सिंगरौली के अधिकारी व्हीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े।

# खजुराहो के लिए भोपाल, ग्वालियर, रीवा और सिंगरौली से मिलेगी वायु सेवा

## पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का अगस्त माह से नया शेड्यूल जारी

**रीवा।** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए शुरू की गई पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का अगस्त माह से विस्तार करते हुए नया शेड्यूल जारी किया गया है। यात्रियों की जबरदस्त मांग और सकारात्मक प्रतिक्रिया के चलते खजुराहो को भोपाल, ग्वालियर, रीवा और सिंगरौली से जोड़ा गया है। साथ ही भोपाल और जबलपुर से उज्जैन के लिए वायु सेवा को रविवार के दिन संचालित किया जाएगा। खजुराहो के लिए वायु सेवा का संचालन बुधवार, गुरुवार और शनिवार को होगा। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का नया शेड्यूल - पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के नए शेडयूल के अनुसार सोमवार को भोपाल-इंदौर-जबलपुर-रीवा-जबलपुर-इंदौर-भोपाल के लिए वायु सेवा का संचालन किया जाएगा। मंगलवार को भोपाल-जबलपुर-रीवा-सिंगरोली-रीवा-जबलपुर-भोपाल तथा बुधवार को भोपाल-खजुराहों-रीवा-सिंगरोली-रीवा-खजुराहों-भोपाल के लिए वायु सेवा का संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार गुरुवार को भोपाल-ग्वालियर-खजुराहों-रीवा-खजुराहों-ग्वालियर-भोपाल, शनिवार को भोपाल-खजुराहों-रीवा-सिंगरोली-रीवा-खजुराहों-भोपाल तथा रविवार को रविवार को भोपाल-उज्जैन-भोपाल-जबलपुर-उज्जैन-भोपाल के लिए वायु सेवा का संचालन किया जाएगा। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के माध्यम से विश्वसनीय, सुरक्षित और कुशल हवाई यात्रा का विकल्प यात्रियों को दिया जा रहा है। इच्छुक यात्री वेबसाइट पर विजिट कर नये शेड्यूल के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और टिकट बुक कर सकते हैं। साथ ही 18004199006 नम्बर पर भी टिकट बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# केन्द्रीय जेल में हुआ वंदे मातरम गान और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन




रीवा

जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि केन्द्रीय जेल रीवा में हर माह की भांति इस बार भी एक अगस्त को बैण्ड बाजे के साथ राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम गान का आयोजन किया गया। साथ ही जेल की गौशाला परिसर में पौधारोपण अभियान के तहत पौधे रोपित किए गए। गौशाला परिसर में पौधारोपण अभियान के तहत आम, नीम, जामुन, आँवला, अमरूद सहित अन्य फलदार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में उप जेल अधीक्षक संतोष कुमार गेंदले, योगेन्द्र पमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, प्रमुख प्रहरी इंद्रासन सिंह तथा जेल के अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

## ग्राम घुरेहटा कला की जमीनों की सुनवाई का अवसर

**रीवा।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी तहसील रायपुर कर्चुलियान/ मनगवां के न्यायालय में तहसील मऊगंज के ग्राम घुरेहटा कला की भूमि के खसरा नम्बर 1257, 2711, 2712/1, 1336/6, 1495/2/2, 1581/2, 2636, 2639/2, 2908/1, 1272/1/2 एवं 2921/2 कुल किता 12 रकबा 1.308 हेक्टेयर के संबंध में विचाराधीन प्रकरण में पक्षकारों को पक्ष, समर्थन एवं सुनवाई का अवसर दिया गया है।

## गौधाम हिनौती के लिए भूमि दिलाने के निर्देश

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने गौधाम हिनौती के लिए 1.20 हेक्टेयर राजस्व भूमि वन विभाग को दिलाए जाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से हिनौती में गौवंश अभ्यारण्य की स्थापना की गई है जहाँ गौवंशों के संरक्षण के साथ उससे लगी जमीन में चारागाह विकास, वृक्षारोपण आदि के कार्य कराए जाएंगे।

# रोजगार मेले में 7 कंपनियों ने 150 युवाओं का विभिन्न पदों पर किया चयन

रीवा

मऊगंज जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला रोजगार कार्यालय द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 300 बेरोजगार युवक-युवतियों ने अपना पंजीयन कराया। मेले में निजी क्षेत्र की शामिल 7 कंपनियों ने 150 युवाओं का चयन कर उन्हें आफर लेटर प्रदान किया। इस संबंध में उप संचालक रोजगार



अनिल दुबे ने बताया कि बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इनमें निजी क्षेत्र की कंपनियां तथा संस्थाएं शामिल होकर युवाओं का चयन करती हैं। रोजगार के इच्छुक युवाओं का सबसे पहले पंजीयन किया गया। इसके बाद कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आयु तथा वेतनमान के आधार पर युवाओं का चयन किया गया।

उप संचालक ने बताया कि मेले में शामिल एल एण्ड टी कंपनी द्वारा 14 युवाओं का चयन किया गया है। इसी प्रकार ग्रेट गेवेलियन बेंचर्स लि. द्वारा 10, शक्ति पंप्स लिमिटेड द्वारा 4, प्रगतिशील बायोटेक रीवा ने 72 एवं प्रसाद फर्टिलाइजर 20 तथा एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 20 तथा भारतीय जीवन बीमा में 10 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेले के आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# म.प्र.शिक्षक संघ की प्रान्तीय बैठक सम्पन्न

**रीवा।** म.प्र.शिक्षक संघ की प्रान्तीय कार्यकारिणी एवं प्रान्तीय परिषद् की दो दिवसीय बैठक मंदसौर में सम्पन्न हुई जिसमें म.प्र.शिक्षक संघ संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रमुख डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी ने भाग लिया। जिसमें संगठन द्वारा प्रान्तीय निर्णय एवं म.प्र.शासन के विभाग प्रमुखों से मिलकर कराये गये कार्यो के सम्बन्ध में कहा है कि राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए संगठन में अधिक से अधिक सदस्यों का होना आवश्यक है। आगामी समय में जिला, विकासखण्ड एवं तहसील स्तर तक महाभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा शिक्षक साथियों को संगठन से जोड़ना है। रीवा संभाग के राष्ट्रीय सदस्यता प्रभारी माहेन पुरोहित ने 10 हजार सदस्यों का लक्ष्य निर्धारित किया है। शिक्षकीय समस्याओं के निराकरण में आ रही कठिनाईयों के सम्बन्ध में शिक्षकों द्वारा आक्रोष व्यक्त किया गया जिसके सम्बन्ध में समाधान कैसे हो शीर्षक पर डॉ.कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि नेतृत्व आपकी पीड़ा को समझता है, मन में व्यथा उत्पन्न होना मानवीय प्रवृत्ति है लेकिन हम सबको यथा भव हमेशा स्मरण में रखना होगा कि विश्व में आज जो सम्मान हम भारतवंशी को प्राप्त है वह संघ के कारण ही है मेरा वैभव सबकुछ संगठन का केन्द्र विन्दु है। उन्होने आगे बताया कि नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता मानकर ही प्रथम, द्वितीय क्रमोन्नति प्राप्त हुई है सभी संवर्गो को अतिशीघ्र समयमान वेतनमान के आदेश प्रसारित होगें, पुरानी पेंशन पर केन्द्र सरकार विचार कर रही है, उपादान सभी स्तर के कर्मचारियों को देय होगा जिसका आदेश भी शीघ्र होने वाला है। आदिम जाति कल्याण में भी उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। प्रान्ताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर संगठन को उच्च स्तर पर पहुंचाने के लिए एवं शिक्षकीय समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत हैं। बैठक में विजय कुमार पाण्डेय, अरुण द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, अविनाश गौतम, जितेन्द्र चतुर्वेदी, राममणि मिश्रा, पवन पाण्डेय, राजकुमार पाण्डेय, अनिल द्विवेदी, आर.शरद पई, सुदीप पाण्डेय, एस.एस.सिंह, दीपक पाण्डेय, नजीर खांन, डॉ.करुणा तिवारी आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# सैनिक कल्याण कार्यालय में आज आएगी टीम

**रीवा।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय रीवा परिसर में 2 अगस्त को सिगनल रिकार्ड जबलपुर की तरफ से टीम आ रही है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले. कर्नल पी गंगा ने सभी भूतपूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं वीर नारियों को पेंशन अथवा उनकी अन्य समस्याओं के निराकरण के संबंध में सूचित किया है। उन्होंने कहा है कि टीम 2 अगस्त को कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे मौजूद रहेगी। सभी भूतपूर्व सैनिक, विधवाएं तथा वीर नारियाँ निर्धारित तिथि और समय में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्याओं का निराकरण करा सकती हैं।

# उप मुख्यमंत्री ने बेला-सिलपरा मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा की, कार्य मे गति लाने के दिए निर्देश

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बेला-सिलपरा मार्ग के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य को गति दें तथा वर्षाकाल में भी कार्य चालू रखें। उन्होंने कहा कि इस मार्ग में इससे पूर्व जमीन स्तर का कार्य हो चुका है। नवीन निर्माण एजेंसी को इस कार्य में अधिक तेजी के साथ कार्य करने की जरूरत है। इस कार्य में काफी विलंब हो गया है। अब इसे गति देकर तत्परता पूर्वक पूरा कराना है। इसके बन जाने से रीवा शहर के चारों तरफ बाईपास व रिंग रोड का काम पूरा हो जाएगा साथ ही यह मार्ग रीवा हवाई अड्डा जाने का भी मार्ग होगा। अतः फोरलेन के इस मार्ग को सर्विस रोड के साथ पूरा कराएं। उन्होंने कार्य की प्रगति की प्रत्येक तीन माह में अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मार्ग में बीहर नदी में बनने वाले पुल, अन्य पुल-पुलियों तथा आरओबी के निर्माण कार्य की भी जानकारी ली। बैठक में एनएचएआई के अधिकारी ने बताया कि यह कार्य वर्ष 2025 के नवम्बर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, प्रभारी आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के समाज कार्य विभाग द्वारा

# भारतीय ज्ञान परंपरा और समाज कार्य विषय पर विशेष व्याख्यान

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के समाज कार्य विभाग में आज एक विशेष व्याख्यान का आयोजन कुलगुरु डॉ राजकुमार आचार्य के निर्देशन में किया गया, जिसमें प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल विभागाध्यक्ष समाज कार्य विभाग, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा ने भारतीय ज्ञान परंपरा और समाज कार्य विषय पर अपने विचार साझा किए। इस व्याख्यान में समाज कार्य और भारतीय ज्ञान परंपरा के परंपरागत और आधुनिक दृष्टिकोण पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीकांत ने की।

प्रोफेसर अखिलेश शुक्ल ने भारतीय ज्ञान परंपरा की गहराई और उसकी विविधता को रेखांकित किया।

उन्होंने वेदों, उपनिषदों और अन्य प्राचीन ग्रंथों की चर्चा की, जो समाज के विभिन्न पहलुओं की गहन समझ प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में समाज की भलाई और सुधार के लिए आदर्श तरीके और सिद्धांत हैं जो आज भी प्रासंगिक हैं। भारतीय परंपरा में समाज कार्य की विधियों पर प्रकाश डालते हुए, प्रोफेसर शुक्ल ने बताया कि कैसे समाज सुधारक जैसे स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी, राजा राममोहन राय, ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, डॉ. बी. आर. अंबेडकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, डॉ. हेडगवार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदि ने सामाजिक न्याय, समानता और नैतिकता पर आधारित कार्यक्रमों को लागू किया। प्रोफेसर शुक्ल ने भारतीय ज्ञान परंपरा की गहराई और उसकी समाज कार्य में प्रासंगिकता को बताया। उन्होंने समझाया कि कैसे वेद, उपनिषद, और अन्य प्राचीन ग्रंथ समाज में नैतिकता, न्याय और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से यह बताया कि इन प्राचीन विचारों को आधुनिक समाज कार्य की गतिविधियों में कैसे लागू किया जा सकता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर श्रीकांत ने भारतीय दर्शन और ज्ञान परंपरा के मूल तत्वों और उनके समाज पर प्रभाव की गहन चर्चा की। प्रोफेसर श्रीकांत ने भारतीय दर्शन के समाज पर प्रभाव की चर्चा की।

# बंजर जमीन को हरा-भरा बनाकर आने वाली पीढ़ी को सौगात दी जाएगी : शुक्ल

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मऊगंज जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मलकपुर की बंजर जमीन को हरा-भरा बनाकर आने वाली पीढ़ी को सौगात के रूप में सौंपा जाएगा। पुराने जमाने के जो जंगल नष्ट हो गए और जमीन बंजर हो गई वहाँ सघन वृक्षारोपण कर पूर्व की तरह ही हरा-भरा जंगल बनाकर आने वाली पीढ़ी को सौंपा जाएगा। श्री शुक्ल वन विकास निगम द्वारा साढ़े चार लाख पौधों के वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्य पुनीत कार्य है। वृक्ष हमें फल,




छाया के साथ-साथ प्राणवायु देते हैं। वन विकास निगम बधाई का पात्र है जिन्होंने 22 हजार एकड़ पठारी क्षेत्र में वर्ष 2010 से अब तक 85 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। आगामी तीन वर्ष में इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए लगभग 15 लाख पौधों का पौधरोपण किया जाएगा। इस तरह इस बंजर भूमि में 1.25 करोड़ पौधे लगाकर हरा-भरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में लगाए गए पौधों में से 80 प्रतिशत से अधिक पौधे जीवित हैं। इस कार्यक्रम की पूर्णता के अवसर पर 2027 में भव्य कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री गिरीश गौतम के साथ हवाई सर्वे कर इस क्षेत्र की हरीतिमा का अवलोकन करेंगे। अपने उद्बोधन में श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जाँच की सुविधाओं के साथ चिकित्सकीय उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में गांवों में सीएम राइज विद्यालयों का निर्माण हो रहा है जिनमें गरीब व वंचित वर्ग के छात्र-छात्राओं को भी पब्लिक स्कूल की तरह शैक्षणिक एवं छात्रावास की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम ने कहा कि पौधरोपण प्रकृति को दिया गया एक उपहार है। अधिक संख्या में पेड़ लगाकर उनके संरक्षण की जरूरत है। आने वाले समय में मलकपुर की यह बंजर भूमि हरी-भरी हो जाएगी और 40 वर्ष पूर्व का जंगल पुनः दिखने लगेगा। कार्यक्रम में सीएसआर मद से महिला हितग्राहियों सिलाई मशीन का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला भाजपा अध्यक्ष मऊगंज राजेन्द्र मिश्रा, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक मऊगंज वीरेन्द्र जैन, प्रबंध संचालक वन विकास निगम राकेश यादव, वन मण्डलाधिकारी रीवा एवं सीधी विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और वन विकास निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833